राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 109 पृष्ठः 10 RNI : DELHIN/2006/19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर ने मुनक नहर के जीर्णोद्धार की शुरूआत की। "जल क्रांति" की मुहिम को और भी मजबूत करेगी।


## मानहानि केसः दोषी ठहराने के खिलाफ राहुल की याचिका खारिज



**टीम एक्शन इंडिया/सूरत**

**सूरत** कोर्ट ने मानहानि केस में दोषी ठहराए जाने के खिलाफ राहुल गांधी की याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। एडिशनल सेशन कोर्ट जज आरपी मोगेरा कोर्ट में आए और इस याचिका पर केवल एक शब्द कहा- डिसमिस्ड, यानी खारिज। जज मोगेरा ने इस मामले पर 13 अप्रैल को दोनों पक्षों की दलीलें सुनी थीं और फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब राहुल हाईकोर्ट में अपील करेंगे। यह केस 2019 में बेंगलुरु में चुनावी रैली के दौरान दिए गए राहुल के बयान से जुड़ा है। राहुल ने रैली में कहा था कि हर चोर का सरनेम मोदी क्यों होता है। इस बयान पर गुजरात के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने मानहानि का केस दाखिल किया था।

## अमृतपाल की पत्नी से अमृतसर एयरपोर्ट पर पूछताछ



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**वारिस** पंजाब दे चीफ अमृतपाल की पत्नी किरणदीप को गुरुवार को अमृतसर एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन अधिकारियों ने रोक लिया। श्री गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अफसर उनसे पूछताछ कर रहे हैं। किरणदीप सुबह 11.30 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर पहुंची थीं। वह एअर इंडिया जिस फ्लाइट से जाने वाली थी, वह 2.30 बजे अमृतसर एयरपोर्ट से टेकऑफ कर गई। अफसरों ने उसकी यात्रा कैंसिल कराकर परिवार के सुपुर्द कर दिया है। परिवार अमृतपाल की पत्नी को लेकर गांव जल्लूपुर खेड़ा के लिए रवाना हो गया। सूत्रों के मुताबिक किरणदीप ने इमिग्रेशन अफसरों से कहा कि वह माता-पिता से मिलने जा रही है। उसके खिलाफ भारत में कोई केस भी दर्ज नहीं है।

# गुजरातः नरोदा दंगे के सभी 86 आरोपी बरी

## बाबू बजरंगी-माया कोडनानी पर भी इल्जाम था, 11 हत्याएं हुई थीं

### कोई सबूत नहीं

= आरोपियों का दोष साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं मिले हैं : स्पेशल कोर्ट

**एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**


**गुजरात** की पूर्व मंत्री माया कोडनानी, बजरंग दल के नेता बाबू बजरंगी और विश्व हिंदू परिषद के नेता जयदीप पटेल समेत 86 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। इनमें से 18 लोगों की मौत हो चुकी है। 2002 के गुजरात दंगों के दौरान हुए नरोदा कांड के सभी 86 आरोपियों को अहमदाबाद की एक स्पेशल कोर्ट ने बरी कर दिया। घटना के 21 साल बाद गुरुवार को सुनाए फैसले में कोर्ट ने कहा- आरोपियों का दोष साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं मिले हैं। पीड़ित पक्ष के वकील शमशाद पठान ने कहा- हम इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। 28 फरवरी 2002 को अहमदाबाद शहर के पास नरोदा गांव में हुई सांप्रदायिक हिंसा में 11 लोग मारे गए थे। इस केस में गुजरात सरकार की पूर्व मंत्री और भाजपा नेता माया कोडनानी, बजरंग दल के नेता बाबू बजरंगी और विश्व हिंदू परिषद के नेता जयदीप पटेल समेत 86 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। इनमें से 17 लोगों की मौत हो चुकी है। स्पेशल जज एसके बक्शी की अदालत ने 16 अप्रैल को इस मामले में फैसले की तारीख 20 अप्रैल तय की थी। सभी आरोपी जमानत पर थे। साल 2010 में शुरू हुए मुकदमे के दौरान दोनों पक्ष ने 187 गवाहों और 57 चश्मदीद गवाहों से जिरह की।



### गोधरा कांड के अगले दिन हुआ था नरोदा में दंगा

**गोधरा** कांड के अगले दिन यानी 28 फरवरी को नरोदा गांव में बंद का ऐलान किया गया था। इसी दौरान सुबह करीब 9 बजे लोगों की भीड़ बाजार बंद कराने लगी, तभी हिंसा भड़क उठी। भीड़ में शामिल लोगों ने पथराव के साथ आगजनी, तोड़फोड़ शुरू कर दी। देखते ही देखते 11 लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया।
इसके बाद पाटिया गांव में भी दंगे फैल गए। यहां भी बड़े पैमाने पर नरसंहार हुआ। इन दोनों इलाकों में 97 लोगों की हत्याएं की गई थीं।
**माया कोडनानी का दावा- दंगे के वक्त वे विधानसभा में थीं:** माया कोडनानी ने खुद पर लगे आरोपों पर कहा था- दंगे वाले दिन सुबह के वक्त वह गुजरात विधानसभा में थीं।
दोपहर में वे गोधरा ट्रेन हत्याकांड में मारे गए कारसेवकों के शवों को देखने के लिए सिविल अस्पताल पहुंची थीं।

### दंगों में एक हजार की जान गई थी



2002 में गुजरात के गोधरा स्टेशन पर एक दुखद घटना हुई थी। अहमदाबाद जाने के लिए साबरमती एक्सप्रेस गोधरा स्टेशन से चली ही थी कि किसी ने चेन खींचकर गाड़ी रोक दी और फिर पथराव शुरू हो गया। बाद में ट्रेन के र-6 कोच में आग लगा दी गई। कोच में अयोध्या से लौट रहे 59 तीर्थयात्री थे, सभी की मौत हो गई थी। गोधरा कांड के बाद भड़के दंगों में एक हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे, जिनमें 790 मुसलमान और 254 हिंदू थे। गोधरा कांड के एक दिन बाद 28 फरवरी को अहमदाबाद की गुलबर्ग हाउसिंग सोसाइटी में बेकाबू भीड़ ने 69 लोगों की हत्या कर दी थी।
इन दंगों से राज्य में हालात इस कदर बिगड़ गए कि स्थिति काबू करने के लिए तीसरे दिन सेना उतारनी पड़ी।



असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच 1972 से चल रहे अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझा लिया गया है। गुरुवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और अरुणाचल के मुख्यमंत्री प्रेमा खांडू ने दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह की मौजदगी में एक समझौते मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर साइन किए।

## 'प्रवासी मजदूरों को राशन कार्ड देने के लिए बड़े पैमाने पर प्रचार जरूरी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने प्रवासी मजदूरों को राशन कार्ड न मुहैया होने पर राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को तीन महीने का और समय दिया है। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत प्रवासी मजदूरों को राशन कार्ड मुहैया करवाने लिए ये समय दिया गया है। जस्टिस एमआर शाह और एहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय के पोर्टल पर पंजीकृत प्रवासी मजदूरों को राशन कार्ड देने का व्यापक प्रचार किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने ये आदेश याचिकाकर्ताओं अंजलि भारद्वाज, हर्ष मंदर और जगदीप छोक्कर द्वारा दायर किए गए एक आवेदन पर दिया है। इन लोगों ने अपने आवेदन में तहत प्रवासी मजदूरों को राशन दिया जाना चाहिए, इसे लेकर बात कही थी।

## 'भगवान बुद्ध व्यक्ति से आगे बढ़कर एक बोध हैं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली में हो रहे वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहुंच गए हैं। दो दिवसीय शिखर सम्मेलन संस्कृति मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ मिलकर कर रहे हैं। उद्घाटन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि गौतम बुद्ध की शिक्षाओं ने सदियों से अनगिनत लोगों को प्रभावित किया है। इनसे प्रेरित होकर भारत विश्व कल्याण के लिए नई पहल कर रहा है। 20-21 अप्रैल को राजधानी के अशोक होटल में होने वाले सम्मेलन शुरू हो चुका है। इसमें लगभग 30 देशों के प्रतिनिधि और विदेशों के लगभग 180



प्रतिनिधि और भारतीय बौद्ध संगठनों के 150 प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इस धरती की परंपरा है- अतिथि देवो भवः यानी अतिथि हमारे लिए देवता के समान होते हैं लेकिन भगवान बुद्ध के विचारों को जीने वाले इतने व्यक्तित्व जब हमारे सामने हों तो साक्षात बुद्ध की उपस्थिति का एहसास होता है।



# आज पूरे देश में खेती और किसान संकट में: हुड्डा

## पूरी तरह विफल साबित हुई है फसल बीमा योजना, सिर्फ कंपनियों को हो रहा मुनाफा: पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**आज पूरे देश** में खेती और किसान संकट में हैं। बीजेपी ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का सपना दिखाया था लेकिन उसने किसानों की आय की बजाए उसकी लागत और कर्जा कई गुना बढ़ा दिया। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह का। देश में कृषि व किसानों की हालत पर कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे हुड्डा ने कहा कि यह योजना किसानों की बजाय बीमा कंपनियों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। क्योंकि, फसल खराबे के समय किसान मुआवजे का इंतजार करते रहते हैं और कंपनियां मोटा मुनाफा कूटती हैं। हरियाणा में पिछले दिनों हुई बेमौसमी बारिश से हुए नुकसान का मुआवजा अबतक किसानों को नहीं मिला। इस योजना के जरिए अबतक बीमा कंपनियां पूरे देश में 40 हजार करोड़ का लाभ कमा चुकी हैं। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस के रायपुर महाधिवेशन में पार्टी ने संकल्प लिया था कि कांग्रेस सरकार बनने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की सभी कमियों को दूर कर इसको नया स्वरूप दिया जाएगा। बीमा योजना का संचालन सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा किया जाएगा, जो कि 'नो-प्रॉफिट, नो-लॉस' के सिद्धांत पर काम करेंगी। इसके लिए रिवॉल्विंग फंड का इंतजाम किया जाएगा । साथ ही इसका लाभ भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को भी दिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज



किसानों को ना मुआवजा मिल रहा है और ना एमएसपी। इसी सीजन में किसानों को अपनी सरसों और गेहूं को एमएसपी से कम रेट पर बेचने पड़ रहे हैं। उन्होंने खुद मंडियों का दौरा करके किसानों का दर्द जाना। 2018-19 के बजट में सरकार ने टॉप स्कीम का ऐलान किया था ताकि टमाटर, प्याज और आलू जैसी सब्जियां उगाने वाले किसानों को लाभ पहुंचाया जा सके। लेकिन आज पंजाब के किसानों की शिमला मिर्च, मध्य प्रदेश के किसानों का टमाटर, महाराष्ट्र के किसानों की प्याज और हरियाणा के किसानों का आलू बुरी तरह पिट रहा है। पिछले दिनों उन्होंने खुद कुरुक्षेत्र की मंडी का दौरा किया तो किसानों ने उन्हें बताया कि उनका आलू आज 50 पैसे प्रति किलो के रेट पर पिट रहा है। जबकि उसे उगाने की लागत ?5-6 प्रति किलो है। इसी तरह आज सरसों किसानों को भी एमएसपी नहीं मिल पा रही है। किसान अपनी फसल को एमएसपी से 1000-1500 रुपए कम रेट पर बेचने के लिए मजबूर है। यहीं हाल गेहूं का है। ऊपर से बेमौसमी बारिश के चलते हुए लस्टर लॉस पर सरकारी खरीद एजेंसियों से गेहूं के रेट में भारी भरकम वैल्यू कट लगाने का फैसला लिया है। जबकि सरकार को ये वैल्यू कट खुद वहन करना चाहिए और किसानों को प्रति क्विंटल 500 रुपये का बोनस देना चाहिए। हुड्डा ने कहा कि बीजेपी स्वामीनाथन आयोग के सी2 फामूर्ले पर किसानों को एमएसपी देने का वादा करके सत्ता में आई थी। किसान आंदोलन के समय सरकार ने एमएसपी की लीगल गारंटी के लिए एक कमेटी बनाई थी, आज उनका कोई अता-पता नहीं है। सच्चाई यह है कि किसानों को एमसपी देने के मामले में मौजूदा

> 8 कांग्रेस सरकार बनने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की सभी कमियों को दूर कर इसको नया स्वरूप दिया जाएगा

सरकार कांग्रेस के सामने दूर-दूर तक कहीं नहीं ठहरती। उदहारण के तौर पर मौजूदा सरकार के कार्यकाल में धान की एमएसपी में मात्र 6% सालाना की बढ़ोत्तरी हुई है। जबकि कांग्रेस कार्यकाल में 12.6 प्रतिशत बढ़ोत्तरी होती थी। इसी तरह गेहूं की एमएसपी में आज 5.5 प्रतिशत सालाना बढ़ोत्तरी हो रही है, जबकि कांग्रेस सरकार के दौरान ये बढ़ोत्तरी 12.2 प्रतिशत थी। अरहर के रेट में मौजूदा सरकार द्वारा सिर्फ 5.8 प्रतिशत तो कांग्रेस द्वारा 21.6 प्रतिशत और मूंग के दाम में बीजेपी सरकार द्वारा 5.8 प्रतिशत तो कांग्रेस सरकार द्वारा 22.8 प्रतिशत सालाना की बढ़ोत्तरी की गई। किसानों की हालत इतनी खराब है कि आज किसान मात्र 27 रुपये प्रतिदिन कमा रहा है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि किसानों की स्थिति सुधारने के लिए कांग्रेस उनको स्वामीनाथन आयोग के सी2 फामूर्ले के तहत कानूनी गारंटी के साथ एमएसपी देगी। कांग्रेस का मानना है कि एमएसपी की दायरे को और बढ़ाकर अन्य फसलों पर भी लागू किया जाना चाहिए। अदरक, लहसुन, हल्दी, मिर्च से लेकर बागवानी तक सभी कृषि उत्पादों को गारंटीशुदा कीमत मिलनी चाहिए। हुड्डा ने किसानों पर खतरनाक रूप से बढ़ते जा रहे कर्ज के बोझ को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। बीजेपी सरकार के दौरान किसानों पर कुल बकाया कर्ज 2021-22 में बढ़कर ?23.44 लाख करोड़ हो चुका है, जो कि 31 मार्च, 2014 तक ?9.64 लाख करोड़ था। यूपीए सरकार ने 2007 में किसानों के लिए ?72,000 करोड़ की कर्ज माफी योजना को लागू किया था। कांग्रेस की राज्य सरकारें लगातार किसानों को कर्ज मुक्ति दिलाने की दिशा मे काम कर रही हैं। लेकिन बीजेपी सरकार लगातार पेट्रोल-डीजल, खाद, बीज, दवाई व खेती उपकरणों पर टैक्स लगाकर किसानों की लागत बढ़ा रही है। हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी सरकार 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के अपने वादे को पूरा करने में फेल साबित हुई है। खेती से जुड़ी बजट में भी लगातार कटौती की जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के बजट को ?68,000 करोड़ से घटाकर ?60,000 करोड़ कर दिया गया। इसी तरह पीएम फसल बीमा योजना के लिए आवंटन 15,000 करोड़ से घटाकर इस साल 13,625 करोड़ रुपया कर दिया है। एफसीआई को मिलने वाली खाद्य सब्सिडी 2.14 लाख करोड़ से घटाकर 1.37 लाख करोड़ कर दी गई।
खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्य सब्सिडी 72,000 करोड़ से घटाकर 59,793 करोड़ कर दी गई है। मनरेगा के बजट को 73,000 करोड़ से घटाकर 60,000 करोड़ कर दिया गया है।

# 'ओयो रूम्स में लड़कियां हनुमान की आरती करने नहीं जातीं...'




**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**
**हरियाणा** महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने महिलाओं को लेकर एक बयान दिया है। कैथल के एक कॉलेज में महिला जागरूकता और साइबर क्राइम को लेकर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ओयो रूम्स में लड़कियां हनुमान की आरती नहीं करने जाती हैं। ऐसी जगह पर जाते समय यह भी ख्याल रखना चाहिए कि उनके साथ बुरा भी हो सकता है।
**कई मामलों में हाथ बांधने पड़ रहे:** रेनू भाटिया ने कहा कि 2246 केस हमारे पास आए, उनमें से बहुत सारे ऐसे ही केस थे, जिनमें एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर या लिवइन है। ऐसे में हमारे हाथ बंध जाते हैं। लड़का इस बात से पूरी तरह कॉन्फिडेंट हो जाता है कि मेरा तो लिवइन है और लड़कियां उनके परिवार की, उसकी बीवी-माता या उसके बच्चे उसका शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन में बने लिवइन रिलेशनशिप कानून के चलते आयोग को कई मामलों को सुलझाने में हाथ बांधने पड़ रहे हैं।
**शारीरिक शोषण के ज्यादातर मामले लिवइन के निकले हैं:** महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि शारीरिक शोषण के जितने भी मामले आते हैं, उनमें ज्यादातर लिवइन के निकलते हैं। ये हरियाणा ही नहीं, बल्कि सभी जगह हैं। इन मामलों में दखल देना बहुत मुश्किल हो जाता है। कानून के चलते हमारे हाथ बंधे रहते हैं। जिसके चलते अपराध कम नहीं, बल्कि बढ़ रहे हैं और परिवार टूटते जा रहे हैं। ज्यादातर लड़कियां यही बताती हैं कि आरोपी ने कुछ पेय पदार्थ में मिलाकर पिला दिया और उसके बाद शारीरिक शोषण किया। लड़कियों को क्या यह नहीं पता होता कि ऐसी जगहों पर कुछ भी गलत हो सकता है।

# गणित ओलंपियाड के छात्रों को पदक देकर सम्मानित किया

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
**ओम शांति** शिक्षा सदन नाथूपुर में गणित ओलंपियाड के छात्रों को पदक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गणित विषय में रुचि लेते हुए स्कूल के 107 विद्यार्थियों ने ओलंपियाड में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस ओलंपियाड की परीक्षा में रेखा गणित ,अंकगणित व मैथ विशेषज्ञ से संबंधित प्रश्न पूछे गए। जिसमें छात्रों ने अपने ज्ञान व प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 21 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक ,व 9 कांस्य पदक पर अपना कब्जा हासिल



किया। जिससे पूरे स्कूल में खुशी का माहौल रहा। इस ओलंपियाड का मुख्य उद्देश्य गणित जैसे मुश्किल विषय को आसानी से सीखना व गणित के प्रति रुचि उत्पन्न करना है। स्कूल निदेशक योगराज भारद्वाज, प्रधानाचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने विजेता छात्रों को पदक पहना व प्रशस्ति- पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि राई ब्लॉक में ओम शांति स्कूल एकमात्र ऐसा स्कूल है जो छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए नाना प्रकार के ओलंपियाड करवाता है, जिससे छात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर की मेधावी छात्रों के रूप में तैयार हो सकें और भविष्य में होने वाली परीक्षाओं को आसानी से पास कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर अपना व माता-पिता के साथ-साथ स्कूल का नाम रोशन कर सकें।

# फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दुष्कर्म और हत्या के दोषी को दी उम्र कैद

**पलवल।** पलवल कोर्ट ने गुरुवार को एक मां और बेटी को इंसाफ दिया। कलयुगी बाप ने नाबालिक बेटी के साथ अवैध संबंध बनाए, गर्भपात कराया और जब पत्नी ने इसका विरोध किया तो उसकी हत्या कर दी। झकझोर देने वाले इस कांड में गुरुवार को एडीजे कोर्ट ने आरोपित बाप को आजीवन कारावास (उम्र कैद) व 50 हजार रुपये का जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माना न देने पर उसे एक साल और ज्यादा सजा भुगतनी होगी।

# 'मील का पत्थर साबित होगा सीसीटीएनएस का मेघराज क्लाउड में स्थानांतरित होना'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** में क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (सीसीटीएनएस) को सफलतापूर्वक मेघराज क्लाउड में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रदेश पुलिस का यह कदम राज्य के कानून प्रवर्तन बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो निदेशक ओ पी सिंह आईपीएस ने बताया कि सीसीटीएनएस एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो आपराधिक न्याय प्रणाली के विभिन्न भागों को एक पोर्टल पर लाता है, जिससे सूचनाओं का आदान प्रदान करने, डेटा विश्लेषण और अपराध की रोकथाम की जाती है। मेघराज क्लाउड एक स्केलेबल और फ्लेक्सिबल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करता है जो सीसीटीएनएस पर डेटा और उपयोगकर्ताओं की बढ़ती मात्रा को संभाल सकता है, पीक पीरियड्स के दौरान भी सुचारू संचालन सुनिश्चित करता है। क्लाउड-आधारित आर्किटेक्चर की सहायत से उपलब्ध सूचनाएं एक ही प्लेटफार्म पर आसानी व तेजी से उपलब्ध रहेंगी।

> 8 सीसीटीएनएस एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो आपराधिक न्याय प्रणाली के भागों को एक पोर्टल पर लाता है

**बढ़ेगी डेटा सुरक्षा, महत्वपूर्ण सूचना की रहेगी आसान उपलब्धता:** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानांतरण के फायदों में से एक बेहतरीन डेटा सुरक्षा है। मेघराज क्लाउड डेटा एन्क्रिप्शन, मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और नियमित सुरक्षा ऑडिट सहित अत्याधुनिक सुरक्षा उपाय प्रदान करता है, जिससे गोपनीयता, अखंडता और आपराधिक रिकॉर्ड, जांच और मुकदमों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी की उपलब्धता सुनिश्चित होती है। मेघराज क्लाउड की मापनीयता और लचीलापन भी उपयोगकताओं के कुशल संचालन को सक्षम बनाता है। यह क्लाउड-आधारित आर्किटेक्चर अन्य ?प्लिकेशन्स के उपयोग के साथ आसान एकीकरण की अनुमति देता है, जिससे विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच पारस्परिक डेटा विनिमय और कार्य करने की सुविधा मिलती है।
**प्रदेश पुलिस का खर्चा होगा कम, पुणे की कंपनी से किया है अनुबंध:** प्रदेश पुलिस ने मेघराज में स्थानांतरण करने का निर्णय लेने का कारण इसकी कम लागत भी है। मेघराज क्लाउड के उपयोग से हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और रखरखाव में निवेश की आवश्यकता समाप्त हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार की लागत बचत होती है। क्लाउड का पे-एज-यू-गो प्राइसिंग मॉडल कम लागत प्रबंधन और संसाधन के उपयोग की अनुमति देता है, जिससे लम्बे समय के लागत बचत होती है। इस प्रोजेक्ट के लिए पुणे की कंपनी से अनुबंध किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मेघराज क्लाउड के कंप्यूटिंग संसाधन और डेटा केंद्र के सर्वोत्तम सिस्टम प्रदर्शन, सीसीटीएनएस की आसान उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं। यह प्रदेश पुलिस को वास्तविक समय में महत्वपूर्ण जानकारी तक पहुंचने में सक्षम बनाता है, जिससे अपराधों पर त्वरित प्रतिक्रिया होती है। पुलिस प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि मेघराज क्लाउड डिजास्टर रिकवरी तंत्र प्रदान करता है, जिससे अप्रत्याशित घटनाओं के मामले में भी डेटा की उपलब्धता सुनिश्चित होती है।

# बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए नहीं मिली एजेंसी



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** शहर की सड़कों की सड़कों पर घुम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए नगरपालिका को तीसरी बार टैंडर लगाने पर एजेंसी मिल गई है। एजेंसी की तलाश में नगरपालिका ने दोबारा टेंडर प्रक्रिया करनी पड़ी थी। एजेंसी नहीं मिलने का कारण पैसों का भुगतान की लंबी प्रक्रिया बताया जा रहा था। जिससे बेसहारा पशु पकड़ने के लिए एजेंसी नही मिलने में लंबा समय गुजरने के कारण अब शहर की सड़कों पर बेसहारा पशुओं की संख्या भी बढ़ गई है। अब हाल में शहर के लोगों आवारा पशुओं के आंतक से परेशान है। नपा अधिकारियों ने पशुओं को पकड़ने के लिए शुरूआत में 9 फरवरी से 19 फरवरी तक टेंडर लगाया था, पशुओं को पकड़ने के लिए सिर्फ एक एजेंसी ने अप्लाई किया। एक से अधिक एजेंसी के आवेदन न करने के कारण नपा को दोबारा से टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। जिसकी अंतिम तारीख 5 मार्च रखी है। ज्ञात रहे कि नगरपालिका ने शहर के आवारा पशुओं से मुक्त करने के लिए शहर के लोगों को कई बार दावे कर चुकी थी। अब शहर में शहर के मुख्य सड़क मार्गों पर पशुओं का हुजूम देखा जा सकता है। जिससे सड़कों के बीचों बीच बैठे पशुओं से हादसे का अंदेशा बना रहता है। शहरवासी सुरेश, सतबीर, महेन्द्र , सुनील ने बताया कि शहर की सड़कों से लेकर वार्डों में आवारा पशुओं की भरमार है। गली व सड़क से लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। आवारा पशुओं के आपस में लड़ने के दौरान पिछ्लले दिनों एक महिला व बच्चा भी घायल हुए थे।

# कर्मचारियों को 4 प्रतिशत डीए की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों को बड़ी राहत** दी है। सरकार ने सूबे के कर्मचारियों के 4 प्रतिशत डीए में बढ़ोतरी की है। अब कर्मचारियों को 42 प्रतिशत डीए मिलेगा। अब तक 38 फीसदी ही डीए कर्मचारियों को मिलता था। बढ़ा हुआ डीए 1 जनवरी 2023 से लागू होगा। सरकार के इस फैसले से हरियाणा के कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। हरियाणा के सरकारी विभागों में कुल 4 लाख 45 हजार 346 स्वीकृत पद हैं। हालांकि इनमें 2 लाख 62 हजार 849 पद ही भरे हुए हैं, जबकि एक लाख 82 हजार 497 पद खाली हैं। इन पदों पर



तैनात कर्मचारियों को सरकार के इस नए आदेश का लाभ मिलेगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने डीए बढ़ोत्तरी का लेटर जारी किया है। इसके अनुसार 1 जनवरी 2023 से डीए को मूल वेतन के मौजूदा 38% से बढ़ाकर 42% कर दिया गया है। बढ़े हुए डीए का एरियर भुगतान जनवरी 2023 से किया जाएगा।

# देवा सोसाईटी कल देगी निशुल्क 10 एम्बुलेंस की सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** देवा सोशल वेलफेयर सोसाइटी गन्नौर द्वारा संस्था के 5 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे गन्नौर क्षेत्र में निशुल्क एम्बुलेंस सेवा शुरू की जाएगी। जिसका शुभारम्भ 22 अप्रैल को पुरानी अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मन्नत ग्रुप के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेन्द्र कादियान करेंगे। इस दौरान पूरे क्षेत्र में 10 एम्बुलेंस शहर व गांवों के लोगों की सुविधा के लिए उपल्बध रहेगी। समाजसेवी देवेन्द्र



कादियान ने लोगों से अपील की कि वे कार्यक्रम में पहुंचे। कादियान ने बताया कि देवा सोशल वेलफेयर सोसाइटी का प्रयास है कि जरूरतमंद लोगों की हर सम्भव मदद की जाए। देवा सोसाईटी ने इससे पूर्व गर्मी में रेहड़ी व अन्य स्थानों पर बैठकर सामान बेच रहे हजारों लोगों को छाता उपल्बध करवाई थी। इसके अलावा शहर में देवा सोसाइटी की ई रिक्शा भी जी टी रोड व आसपास के गांवों में जरूरतमंदों की ई रिक्शा भी उन्हें अपने गतंव्य स्थान तक पहुंचाने में मदद कर रही है। अब सोसाइटी ने बीड़ा उठाया है कि गांवों में बीमार लोगों को उन्हें अस्पतालों में निशुल्क एम्बुलेंस सुविधा उपल्बध करवाई जाए।

# कुनाल ने आईपीएससी बाक्सिंग प्रतियोगिता में जीता सिलवर पदक



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** राष्ट्रीय मिल्ट्री स्कूल कर्नाटक बेलगांव में हुई आईपीएससी बाक्सिंग प्रतियोगिता में सिलवर पदक जीतकर गांव का नाम रौशन किया है। पांची जाटान गांव छात्र हाल में राजस्थान के डोलपुर में शिक्षा ग्रहण कर रहे कुनाल पुत्र अनिल खत्री की जीत से गांव में खुशी का माहौल है। उनके पिता अनिल खत्री ने बताया कि कुनाल ने बताया कि राष्ट्रीय मिल्ट्री स्कूल हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी ने स्वर्ण पदक जीता था।

# किराये पर सरकारी सम्पत्ति निपटान नीति 2023 अधिसूचित की

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार ने पिछले 20 वर्ष या उससे अधिक समय से किराये या पट्टे के माध्यम से व्यक्तिगत या निजी संस्था के कब्जे वाली सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और प्राधिकरणों की संपत्तियों (दुकानों/मकानों) को बेचने के लिए हरियाणा किराये पर सरकारी सम्पत्ति निपटान नीति 2023 अधिसूचित की है। मुख्य सचिव संजीव कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह नीति 100 वर्ग गज प्रति लाभार्थी/प्रति भूखंड तक की ऐसी सभी संपत्तियों पर लागू होगी, जो 01 जून, 2001 से पहले पट्टे या किराए पर दी गई थी। इस नीति की आवश्यकता के बारे में जानकारी देते हुए कौशल ने कहा कि राज्य सरकार ने नगर



निकायों द्वारा दुकानों और घरों की बिक्री के लिए 1 जून, 2021 को एक नीति अधिसूचित की थी, जहां ऐसी संपत्ति का कब्जा 20 साल या उससे अधिक की अवधि के लिए नगर निकायों या उसके पूर्ववर्ती निकायों की बजाय अन्य संस्थाओं के पास है। जब शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा इस नीति को लागू किया जा रहा था तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ध्यान में लाया गया कि बड़ी संख्या में संपत्तियां वास्तव में राज्य सरकार के अन्य विभागों, बोर्डों और निगमों के स्वामित्व में हैं परन्तु वे निजी व्यक्तियों और संस्थाओं को किराए या पट्टे पर दी गई हैं। मुख्यमंत्री ने इस पर संज्ञान लेते हुए

> 8 अंतर्गत आने वाले लोगों को नीति की अधिसूचना जारी होने के 3 महीने के भीतर आवेदन करना होगा

सभी विभागों को कवर करने वाली एक व्यापक नीति बनाने के निर्देश दिए ताकि किसी भी स्तर पर कोई भ्रान्ति न रहें। इसलिए राज्य सरकार द्वारा यह नई नीति बनाई गई और हाल ही में कैबिनेट ने इसे मंजूरी दी है। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि यह एक वन टाइम पालिसी है जिसके अंतर्गत आने वाले लोगों को नीति की अधिसूचना जारी होने के 3 महीने के भीतर आवेदन करना होगा। उन्होंने कहा कि यह नीति पर्यटन, परिवहन और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागों की भूमि पर लागू नहीं होगी। इसके अलावा, यह नीति शामलात भूमि, पंचायत भूमि, पंचायत समिति एवं जिला परिषद भूमि पर भी लागू नहीं होगी। विशिष्ट विभागीय अधिनियमों और वैधानिक नियमों के अर्थात हरियाणा विस्थापित संपत्ति (प्रबंधन और निपटान) नियम 2011, हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994, हरियाणा पंचायती राज नियम 1995, हरियाणा ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) अधिनियम 1961, हरियाणा ग्राम ग्राम शामलात (विनियमन) नियम 1964 और विस्थापित संपत्ति (प्रबंधन और निपटान) अधिनियम 2008 के तहत शासित होने वाली भूमि को भी इस नीति से बाहर रखा जाएगा।

# परिवर्तन पद यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** इनेलो की परिवर्तन पद यात्रा वीरवार की सुबह दिल्ली रोहतक रोड स्थित शहीदी स्मारक से शुरू हुई। युवा इनेलो नेता कर्ण सिंह चौटाला ने शहीदी स्मारक पर शहीदों को नमन करने के बाद यात्रा आरंभ की। जिसके बाद यात्रा रेलवे रोड होते हुए अनाज मंडी, अंडरपास से होती हुई लाइनपार के आरके फार्म में पहुंची। इस दौरान अलग-अलग स्थानों पर दुकानदारों व स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। इससे पूर्व देर शाम विशाल बाइक रैली की अगुवाई में यात्रा भगत सिंह पार्क पहुंची, जहां जनसभा में भारी भीड़ उमड़ी। बहादुरगढ़ हलके में इनेलो परिवर्तन यात्रा के जगह-जगह भव्य स्वागत से



इनेलो प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला काफी खुश नजर आए।
यात्रा के दौरान छोटूराम धर्मशाला में सर छोटूराम की प्रतिमा, अनाज मंडी में महात्मा गांधी व लाइनपार में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर कर्ण सिंह चौटाला ने माल्यार्पण किया। लाइनपार के आरके फार्म में पहुंचने पर इनेलो प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला, कर्ण सिंह चौटाला, इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी का कार्यकर्ताओं ने पगड़ी बांधकर सम्मान किया। वहीं महिला विंग की ओर से सुनैना चौटाला को हरी चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया।

# मुझे निशाना बना रही सीबीआईः सिसोदिया

## सिसोदिया की जमानत पर अगली सुनवाई 26 अप्रैल को, सीबीआई के पास सबूतों से छेड़छाड़ का प्रूफ नहीं






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** शराब नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई के केस में दिल्ली हाईकोर्ट ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई की। हालांकि हाईकोर्ट से सिसोदिया को जमानत नहीं मिली है। जस्टिस दिनेश शर्मा ने सिसोदिया की तरफ से दलीलें पूरी होने पर हाईकोर्ट ने मामले को 26 अप्रैल के लिए लिस्टेड कर दिया। गुरुवार को सुनवाई के दौरान सिसोदिया के वकील दयान कृष्णन ने कहा कि दिल्ली शराब नीति केस में सिसोदिया को छोड़कर सभी आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। एजेंसी के पास कोई प्रूफ नहीं है कि उन्होंने सबूतों के साथ छेड़छाड़ की। अगली सुनवाई में एसजी राजू सीबीआई का पक्ष रखेंगे। जस्टिस शर्मा ने एएसजी से कहा है कि वे कोर्ट को बताएं कि एक्साइज पॉलिसी कैसे चलती है। साथ ही जांच अधिकारी को भी सफाई देने के लिए बुला सकते हैं। सीबीआई केस में मनीष की जमानत स्पेशल जज ने खारिज कर दी थी, जिसके बाद मनीष ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। उसी पर सुनवाई चल रही है।

### जांच एजेंसी पर आरोप

= दिल्ली शराब नीति केस में सिसोदिया को छोड़कर सभी आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है

**सीबीआई के आंकड़े सिर्फ कागज पर, पैसे का कोई निशान नहीं:** सिसोदिया के वकील मोहित माथुर ने कहा कि सीबीआई के आंकड़े सिर्फ कागज पर हैं। उन्हें पैसे का निशान तक नहीं मिला है। सीबीआई ने विजय नायर के जरिए सिसोदिया को इस साजिश का सूत्रधार बनाया, लेकिन विजय को सितंबर 2022 में गिरफ्तार किया गया और चार्जशीट दाखिल होने से पहले ही नवंबर में रिहा कर दिया। सिसोदिया को केवल दूसरी बार फरवरी 2023 में पूछताछ के लिए बुलाया था। इसलिए गवाहों को भड़काने के बारे में लगे सभी आरोप गलत हैं।

राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली के व्यवसायी अमनदीप सिंह ढल को आबकारी नीति मामले में 21 अप्रैल तक सीबीआई की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया है। ढल को सीबीआई ने मंगलवार को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। ब्रिंडको सेल्स के निदेशक ढल को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

**ईडी केस में जमानत पर फैसला सुरक्षित;** 18 अप्रैल को मनीष सिसोदिया के खिलाफ ईडी केस में जमानत पर सुनवाई हुई। हालांकि कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

### 26 फरवरी से जेल में बंद सिसोदिया की कस्टडी भी बढ़ाई गई

26 फरवरी को गिरफ्तार किए गए दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम सिसोदिया की कस्टडी भी बढ़ा दी गई है। 17 अप्रैल को स्पेशल जज एमके नागपाल ने सिसोदिया को 27 अप्रैल तक ईडी और 29 अप्रैल तक सीबीआई की कस्टडी दी है। गौरतलब है कि शराब नीति मामले में ईडी मनी लॉन्ड्रिंग और सीबीआई अनियमितता के मामले की जांच कर रही है।

## तिहाड़ में लागू होंगे नए नियम, कैदियों को सजा में मिलेगी छूट



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

तिहाड़ की जेलों में बंद कैदियों को विचाराधीन अवधि के दौरान उनके अच्छे आचरण के आधार पर छूट दी जाएगी। वर्तमान में यह केवल दोषी ठहराए गए कैदियों को मिलती रही है। तिहाड़ जेल के प्रवक्ता अरविंद कुमार ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि जेल के वरिष्ठ अधिकारियों ने पहली बार ये फैसला लिया है। जेल अधिकारियों का कहना है कि नया नियम कैदियों के आचरण के आधार पर सजा में छूट देने पर विचार करने की अनुमति देगा। हालांकि, मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद ही उनकी सजा में छूट दी जाएगी। जेल प्रवक्ता के अनुसार यह दिल्ली की जेलों में सुधारात्मक प्रशासन की दिशा में बड़ा कदम है, जो कैदियों के सुधार और पुनर्वास की दिशा में उनके प्रयासों को मजबूत करेगा। 2021 के राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों से पता चलता है कि कुल जेल आबादी के संबंध में विचाराधीन कैदियों का प्रतिशत लगभग 77 प्रतिशत था। दिल्ली की जेलों में अंडरट्रायल कैदियों का प्रतिशत राष्ट्रीय प्रतिशत से भी अधिक है।

### आचरण के आधार पर

= तिहाड़ की जेलों में बंद कैदयों को विचाराधीन अवधि के दौरान उनके अच्छे आचरण के आधार पर छूट दी जाएगी



पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने अधिकारियों के साथ भैरों मार्ग से रिंग रोड पर बन रहे अंडरपास का निरीक्षण किया।

## दिल्ली में बढ़ रहे कोरोना से मौत के मामले

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** में कोरोना से हो रही मौत के मामले लगातार बढ़ रहे है। मरीजों ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया। वहीं एक्टिव केस की संख्या बढ़कर छह हजार से अधिक हो गई है।

दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, दिल्ली में कोरोना के 1767 नए मरीज सामने आए। जबकि 1427 मरीजों को छुट्टी दी गई। वहीं छह मरीजों ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया। बुधवार को कोरोना की 6172 जांच में 28.63 फीसदी लोग संक्रमित पाए गए। दिल्ली में कोरोना के एक्टिव केस बढ़कर 6046 हो गए हैं।

## चिड़ियाघर में सफेद बाघ के शावकों को अखाड़े में छोड़ा गया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** चिड़ियाघर में सफेद बाघिन सीता के दोनों बच्चों के नामकरण संस्कार किए गए। केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सीता के जुड़वां शावकों के नाम रखे। आठ महीने पहले ही दोनों का जन्म हुआ था। अब यह अपनी मां के साथ बाड़े से बाहर निकलना और भीतर जाना सीख गए हैं। अब इन्हें स्वतंत्र रूप से बाड़े में उछलकूद करने की छूट मिल रही है। पहली बार लोग इनके दीदार करेंगे। केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरुवार को दिल्ली के जूलॉजिकल पार्क में सफेद बाघ के शावकों को अखाड़े में रिहा किया। इसके बाद सफेद बाघ सीता के



दोनों बच्चों का नामकरण किया गया है। अब दोनों बच्चों को अवनी और विओम के नाम से जाना जाएगा। दिल्ली चिड़ियाघर में तीन सफेद वयस्क बाघ-बाघिन हैं। पिछले साल 24 अगस्त को सीता नाम की सफेद बाघिन ने जुड़वां शावकों को जन्म दिया था। अब इनका पांच सदस्यों का परिवार है। सफेद बाघ सामान्य बाघ से थोड़े अलग होते हैं। अमूमन बाघ लाल-पीले मिश्रित रंग के होते हैं। इन पर काले रंग की धारियां होती हैं। वक्ष का भीतरी भाग और पैरों का रंग सफेद होता है। इनके बच्चे करीब छह महीने में खेलने कूदने लगते हैं। सफेद बाघ-गाघिन के शरीर पर काही (हल्के काले रंग) धारियां होती हैं। इनके बच्चे आकार में सामान्य बाघों से बड़े होते हैं, लेकिन कम फुर्तीले होते हैं। दो से तीन साल में ये परिवक्व होते हैं। इनकी सबसे बड़ी खासियत ये है कि प्राकृतिक रूप से करीब 10,000 सामान्य बाघों में जीन परिवर्तन के कारण सफेद बाघ का जन्म होता है, जबकि प्राणि उद्यान में संकरण के माध्यम आसानी से इनका जन्म कराया जाता है।

**1500 वर्गफुट में करेंगे चहलकदमी:** सीता के दोनों शावकों के चहलकदमी करने के लिए करीब 1500 वर्गफुट क्षेत्र निर्धारित किया गया है। इनके बाड़े में वाटर स्प्रिंकलर, वाटर पॉन्ड, वाटर पूल बनाए गए हैं, जिसमें इन्हें मस्ती करने का पूरा बंदोबस्त रहेगा।

## हिंदी, गणित, अंग्रेजी में बच्चों के स्तर में सुधार का होगा मूल्यांकन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

सरकारी स्कूलों में तीसरी से आठवीं तक के बच्चों के लिए लागू किए गए मिशन बुनियाद के तहत बच्चों के पढ़ने व गणना के स्तर में सुधार का मूल्यांकन होगा। यह प्रक्रिया 25 अप्रैल तक चलेगी। इसके बाद इसका डाटा स्कूलों को शिक्षा निदेशालय के ऑनलाइन मॉड्यूल पर अपलोड करना होगा। यह पहले चरण का मूल्यांकन होगा। दिल्ली सरकार की ओर से सभी सरकारी स्कूलों में मिशन बुनियाद अभियान शुरू किया हुआ है।

## किताबें, ड्रेस खरीदने पर मजबूर करने वाले 12 स्कूलों को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार ने अभिभावकों को महंगी किताबें और वर्दी खरीदने के लिए बाध्य करने वाले स्कूलों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सरकार ने दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाले 12 निजी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं, जबकि छह अन्य स्कूलों के खिलाफ जांच शुरू की है। यदि सरकार को नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिलता तो स्कूलों के खिलाफ दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट 1973 के प्रावधानों के तहत कारवाई की जाएगी। शिक्षा मंत्री आतिशी निजी स्कूलों के खिलाफ अभिभावकों से मिलने वाली शिकायतों पर स्वयं नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि अभिभावकों से शिकायत आने पर संबंधित स्कूलों को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है। इसके साथ ही उप-शिक्षा निदेशक स्तर पर इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा पाया गया कि स्कूल ने सरकार के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है तो स्कूल के खिलाफ दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट 1973 के संबंधित प्रावधानों के तहत कारवाई की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने शिक्षा निदेशालय को निर्देश दिए है कि अभिभावकों की ओर से आने वाली हर शिकायत का तुरंत निवारण किया जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

लगातार शिकायतें मिल रहीं हैं कि स्कूल संचालक खास पुस्तक विक्रेताओं से महंगी किताबें और स्कूल की वर्दी खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

### सख्ती

= संतोषजनक जवाब नहीं मिलता तो स्कूलों के खिलाफ दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट 1973 के प्रावधानों के तहत कारवाई की जाएगी



## सुप्रीम कोर्ट ने वकीलों की हड़ताल पर लगाई रोक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** ने कहा है कि वकील हड़ताल पर नहीं जा सकते। काम से बच भी नहीं सकते। जस्टिस एमआर शाह की अध्यक्षता वाली बेंच ने सभी राज्यों के हाई कोर्ट को चीफ जस्टिस की अध्यक्षता में राज्य स्तर पर शिकायत निवारण समिति के गठन का निर्देश दिया है, जहां वकील अपनी समस्याओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर वकीलों को कोई शिकायत या परेशानी है तो इसके समाधान के लिए कई मंच हैं। कोर्ट ने अपने फैसले में सभी हाईकोर्ट्स से आग्रह किया कि वकीलों की ऐसी शिकायतों के निवारण के लिए समिति बनाएं, जिसकी अध्यक्षता खुद चीफ जस्टिस करें।

साथ ही अन्य दो वरिष्ठ जज इसमें शामिल किए जाएं। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि जिला स्तर पर भी ऐसी समितियां बनाई जा सकती हैं, जिससे किसी न्यायिक अधिकारी या वकील पर किसी तरह का कोई तनाव न हो।

24 जनवरी को कोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया से कहा कि वो वकीलों की हड़ताल से निपटने के लिए कदम उठाए ताकि ऐसी घटनाओं को रोकना सुनिश्चित किया जा सके। कोर्ट ने कहा था कि इसके लिए हम बार काउंसिल से अधिक गंभीरता की उम्मीद करते हैं।

### निर्देश

= हाई कोर्ट को चीफ जस्टिस की अध्यक्षता में राज्य स्तर पर शिकायत निवारण समिति के गठन का निर्देश दिया है

## संसद और पुलिस मुख्यालय के पास छात्रा से छेड़छाड़

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अति सुरक्षित** कहे जाने वीवीआईपी इलाके में भी महिलाएं सुरक्षित नहीं है। संसद भवन से महज कुछ दूरी पर गोलडाक खाने के बाद अशोक रोड पर दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा के साथ बीच सड़क पर छेड़छाड़ का सनसनीखेज मामला सामने आया है। खास बात ये है कि दिल्ली पुलिस मुख्यालय भी वारदात वाली जगह से कुछ ही मीटर की दूरी पर है। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया। उसकी करतूत सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। जांच में पता लगा है कि आरोपी ने अन्य जगहों पर इस तरह की वारदात कर चुका है।

वारदात के बाद नई दिल्ली जिले में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। नई दिल्ली जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पीड़ित छात्रा नई दिल्ली में स्थित एक वर्किंग वूमन हॉस्टल में रहती है। वह करीब 9.30 बजे वह गोल डाक खाने के पास स्थित चर्च जा रही थी। जब वह बांग्ला साहिब गुरुद्वारे से आगे पहुंची तो आगे से एक युवक आया और उससे छेड़छाड़ शुरू कर दी। छात्रा ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गया।

**सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की हुई पहचान:** छात्रा ने इसकी शिकायत नई दिल्ली जिले की संसद मार्ग थाना पुलिस को की। संसद मार्ग थाना पुलिस ने छेड़छाड़ व पीछा करने का मामला दर्जकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आरोपी सड़कों पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया है। पता चला कि आरोपी ने लक्ष्मी नगर में एक लड़की से छेड़छाड़ की है और भी कई अन्य लड़कियों से छेड़छाड़ कर चुका है।




### सनसनीखेज

= छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया। उसकी करतूत सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है

## रिटायर्ड जजों से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पर लगाई रोक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश पर गुरुवार को रोक लगा दी, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के दो आईएएस अधिकारियों को हिरासत में लेने का आदेश दिया गया था। हाई कोर्ट के रिटायर्ड जजों को कुछ लाभ देने के संबंध में नियम नहीं बना पाने पर उत्तर प्रदेश के वित्त सचिव एसएसए रिजवी और विशेष सचिव (वित्त) सरयू प्रसाद मिश्रा को बुधवार को हिरासत में ले लिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने आज दोनों अधिकारियों को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को पेश होने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर भी रोक लगा दी है। हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हाई कोर्ट के रिटायर्ड जजों को कुछ लाभ देने के संबंध में नियम नहीं बना पाने पर दोनों अधिकारियों को हिरासत में लेने का आदेश दिया था।

### रोक

= सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को पेश होने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर भी रोक लगा दी है

## अंतिम सफर को आसान बनाने का प्रयास, निशुल्क एंबुलेंस सेवा हुई शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बाहरी जिला** पुलिस की ओर से जिले में निशुल्क एंबुलेंस सेवा की शुरूआत की गई है। शांति सेवा संगठन के सहयोग से अंतिम सफर के नाम से शुरू की गई दो एंबुलेंस को उपायुक्त हरेंद्र सिंह ने कार्यालय परिसर में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन एंबुलेंस का इस्तेमाल शवों को उनके घरों तक पहुंचाने व लावारिस शवों को शवगृह तक पहुंचाने के लिए किया जाएगा। जरूरतमंदों को एंबुलेंस की निः शुल्क सुविधा प्रदान करवाकर पुलिस लोगों की मदद करने के लिए एक और कदम आगे बढ़ा रही है। पुलिस उपायुक्त हरेंद्र सिंह ने बताया कि कई बार सामने आया है कि मृतक के स्वजन के पास शव को घर तक ले जाने का भी किराया नहीं होता था। ऐसे जरूरतमंदों की मदद पुलिस कर्मी करते थे। पुलिस कर्मी मृतकों के अंतिम संस्कार में भी मदद करते थे। इसी के मद्देनजर अंतिम सफर को आसान बनाने का प्रयास किया गया है।

### पहल

= अंतिम सफर के नाम से शुरू की गई दो एंबुलेंस को उपायुक्त हरेंद्र सिंह ने कार्यालय परिसर में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

## 2500 से अधिक लोगों से करोड़ों की ठगी में छह गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कस्टमर** केयर अधिकारी बनकर देशभर के 2500 से अधिक लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गैंग का बाहरी-उत्तरी जिले के साइबर थाना पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने ठगी में शामिल छह आरोपियों को दबोचा है। पांच आरोपियों को झारखंड के जामताड़ा से जबकि एक आरोपी को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान गैंग सरगना निजामुद्दीन अंसारी उर्फ निजाम, अफरोज आलम, मोहम्मद आमिर अंसारी, सरफराज अंसारी, अफरोज अंसारी और प्री-एक्टिवेटेड सिमकार्ड उपलब्ध करवाने वाले मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल निवासी नसीम मालितया के रूप में हुई है। इनके पास से 34 स्मार्ट फोन, सात सिम, 21761 (इस्तेमाल और गैर इस्तेमाल) सिमकार्ड के अलावा पीड़ित से ठगे 9.73 लाख रुपये लगभग बरामद हुए हैं। बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस



उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि पिछले दिनों दुबई में रहने वाले एक व्यक्ति ने जिले के साइबर थाना में 10 लाख रुपये ठगी की एक शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया कि उनकी बेटी दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी में पढ़ती है। वह उससे मिलने के लिए दुबई से भारत आए थे। बेटी की पासबुक को अपडेट कराने के लिए उन्होंने गूगल की मदद से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कस्टमर केयर नंबर लिया। दिए गए नंबर पर कॉल करने पर पीड़ित से कहा गया कि वह एसबीआई एनीडेस्क नाम का एप डाउनलोड कर लें। पीड़ित ने दिए गए लिंक पर क्लिक किया। इसके बाद आरोपियों ने जाल में फंसाकर पीड़ित से ऑन लाइन बैंकिंग खुलवा ली। बाद में पीड़ित के खाते से दो बार में 10 लाख ट्रांसफर कर लिये। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।

**77 केस हुए कनेक्टः** पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी से 77 केस कनेक्ट कर लिए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर, गृहमंत्रालय द्वारा इनको कनेक्ट कर लिया गया है। बाकी केस को इनसे कनेक्ट करने की प्रक्रिया जारी है। आरोपियों ने बताया कि यह लोग पश्चिम बंगाल में आरोपी नसीम से मोबाइल के लिए प्री-एक्टिवेटेड सिमकार्ड मंगवा लेते थे। इन सिमकार्ड को प्राप्त करने के बाद आरोपी इन नंबरों को लगभग सभी बैंक के अलावा फ्लिपकार्ड, अमेजन, मीशो और दूसरे ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर डाल देते थे। इसके बाद जैसे ही पीड़ित इन नंबरों पर कॉल करते थे तो आरोपी बहुत पेशेवर अंदाज में पीड़ितों से बातचीत करते थे। बाद में धोखे से उनको ANY-DESK', 'QUICK SUPPORT', 'TEAM VIEWER जैसे एप डाउनलोड करवा लिए जाते थे। बाद में इनके मोबाइल के रिमोर्ट एक्सेस लेने के बाद उनसे ऑन लाइन बैंकिंग खुलवा ली जाती थी।

**ऐसे जामताड़ा पहुंची पुलिस टीमः** साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इंस्पेक्टर रमन कुमार सिंह व अन्य की टीम ने उन खातों की पड़ताल की, जिनमें रकम ट्रांसफर हुई थी। कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच करने पर पता चला कि आरोपी लोकेशन से बचने के लिए कॉल फॉरवर्डिंग मेथर्ड अपना रहे थे। पीड़ित इनको कॉल करते तो आरोपी एक नंबर से दूसरे नंबर पर कॉल फॉरवर्ड कर लेते थे। छानबीन के दौरान पता चला कि आरोपी पूरे देशभर के लोगों से ठगी कर रहे हैं। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पता चला कि आरोपी कर्मतार, जामताड़ा, झारखंड के अंदरूनी इलाके में बैठकर ठगी कर रहे हैं।

### गिरोह का पर्दाफाश

= पिछले दिनों दुबई में रहने वाले एक व्यक्ति ने जिले के साइबर थाना में 10 लाख रुपये ठगी की एक शिकायत दी थी

## न्यूज फ्लैश

### महिलाओं ने ज्वेलर्स की दुकान से सोने के लॉकेट का बॉक्स उडाया

**(राया) मथुरा ।** रेतिया बाजार स्थित ज्वेलर्स की दुकान से ग्राहक बनकर पहुंची आधा दर्जन महिलाओं ने दुकान के काउंटर में रखा सोने के लॉकेट का बॉक्स पारकर दिया। जिसकी सीसीटीवी फुटेज दुकान में लगी कैमरे में कैद हो गई। चोरी हुए सोने की कीमत करीब 6 लाख रुपये बतायी जा रही है। घटना की जानकारी होते ही पहुंची पुलिस महिलाओं की तलाश में जुट गई है। राया निवासी पवन अग्रवाल की रेतिया बाजार में प्रिंस ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। दुकान खोलने के बाद करीब 11 बजे आधा दर्जन महिलाएं दुकान पर ग्राहक बनकर पहुंची और दुकानदार व दुकान पर कार्य करें लोगों को तोड़िया खरीदने की बात कही। इस दौरान महिलाओं ने मौका पाकर दुकान के काउंटर में रखे सोने के लॉकेट का बॉक्स पार कर दिया। महिलाओं ने दुकान से करीब 1500 रुपए कीमत की चांदी की पायल भी खरीदी और फरार हो गई। कुछ देर बाद ही दुकानदार को बॉक्स चोरी होने की जानकारी मिली। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। वही जानकारी होते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सीसीटीवी फुटेज में एक बच्चे के साथ पहुंची आधा दर्जन महिला दुकान में मौजूद थीं। उन्हीं की एक साथी महिला ने घटना को अंजाम दिया। वापस जाते समय महिलाओं की सीसीटीवी फुटेज रेलवे रोड पर स्थित एक कैमरे में भी कैद हुई है।

### पैंथर ने इंडी पॉप गाना, 'दर्द-ए-दिल' लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** सुनने वालों के दिलों को छूने के लिए पूरी तरह से तैयार, एमटीवी हसल 2.0 स्टार पैंथर अपनी लेटेस्ट ट्रैक 'दर्द-ए-दिल' लेकर वापस आ गया है। सुंदर पल्लवी देसवाल के साथ खुद को पेश करते हुए इस गाने को सोनी म्यूजिक की सहायता से रिलीज किया गया है। दिल तोड़ने वाले गानों के क्षेत्र में अपनी पहली एंट्री करते हुए यह इंडी पॉप ट्रैक एक रिश्ते के खत्म होने के बाद महसूस किए जाने वाले दर्द और तड़प को फोकस करता है। इसे पैंथर द्वारा रचित, लिखित और गाया गया है और इसका संगीत अंकी द्वारा निर्मित किया गया है। दर्द-ए-दिल एक मर्मभेदी गाना है जो एक विफल रिश्ते के साथ आने वाली भावनाओं को दिखलाता है। अपनी बहुमुखी संगीत शैली के लिए जाना जाने वाला यह ट्रैक,पारंपरिक और आधुनिक ध्वनियों का मिश्रण है, जो एक गहरी तड़प की भावना पैदा करता है जिसे कोई भी दिल टूटने वाला अनुभव कर सकता है। एक उथल-पुथल भरे रिश्ते को चित्रित करते हुए, जिसका अंत दिल टूटने पर होता है, दर्द-ए-दिल ऐसे किसी भी व्यक्ति के लिए एक प्रासंगिक एंथम है जो इस तरह के अनुभवों से गुजरा है। पैंथर ने खुद को एक ऐसे कलाकार के रूप में साबित किया है जो सहजता से शैलियों के बीच अपने आप को स्विच कर सकता है और दर्शकों के साथ प्रतिध्वनित होने वाला संगीत को बना सकता है। अपने दर्शकों से शानदार रिस्पॉन्स प्राप्त करते हुए, जो इस ट्रैक को बार-बार सुन रहे है, पैंथर श्रोताओं को अपने भावपूर्ण धुनों और आकर्षक बीट्स के अनूठे मिश्रण से मोहित करना जारी रखे हुए है। लॉन्च पर पैंथर बोले, 'यह गीत मेरे सभी प्रशंसकों के लिए है जो मुझे एक भावनात्मक गाना गाते हुए सुनना चाहते थे। इसलिए, दर्द-ए-दिल के साथ, मैं किसी को एक बार प्यार करने के बाद खोने के दर्द को कैप्चर करना चाहता था, साथ ही एक यूनिवर्सल अपील भी थी जो दर्शकों के साथ प्रतिध्वनित होती है। यह एक ऐसा गीत है जो दिल टूटने पर पछतावे और भावनात्मक उथल-पुथल को बयां करता है। मुझे उम्मीद है कि ट्रैक श्रोताओं के दिलों को छू लेगा, क्योंकि वे इसकी बीट्स पर नाचते हैं।

### आरबीआई ने डिप्यूटी मैनेजिंग डायरेक्टर और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी

**अम्बाला/ हिसार :** भारतीय रिजर्व बैंक ने 19 अप्रैल 2023 से तीन साल की अवधि के लिए एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंध निदेशक के रूप में श्री कैजाद भरूचा और बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में श्री भावेश झावेरी की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उपर्युक्त नियुक्तियों को प्रभावी करने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ बैंक के निदेशक मंडल की बैठक नियत समय पर बुलाई जाएगी। श्री कैजाद भरूचा की संक्षिप्त प्रोफाइल :- श्री कैजाद भरूचा 35 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ एक करियर बैंकर हैं। वह 1995 से बैंक से जुड़े हुए हैं। कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी वर्तमान स्थिति में, वे कॉर्पोरेट बैंकिंग, पीएसयू, पूंजी और कमोडिटी बाजार, वित्तीय संस्थानों, हिरासत, म्युचुअल फंड, वैश्विक क्षमता केंद्र और वित्तीय के क्षेत्रों को कवर करने वाले थोक बैंकिंग, प्रायोजक कवरेज, और बैंक कवरेज के लिए जिम्मेदार हैं। कार्यकारी निदेशक के रूप में अपने पहले के पद पर वे कॉर्पोरेट बैंकिंग, उभरते कॉर्पोरेट समूह, व्यवसाय बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा वित्त, कृषि ऋण, ट्रैक्टर वित्तपोषण, वाणिज्यिक वाहन वित्त, वाणिज्यिक उपकरण वित्त, बुनियादी ढांचा वित्त, विशेष संचालन विभाग और समावेशी बैंकिंग के लिए जिम्मेदार थे। पहल समूह। बैंक में वे प्रमुख परिचालन समितियों में कार्यरत हैं। वह नामित निदेशक, वित्तीय खुफिया इकाई और नामित निदेशक, आंतरिक लोकपाल समिति भी हैं।

# अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

## मंडी सचिव को चूहा मुक्त दवा का छिड़काव कराने के दिये निर्देश



**टीम एक्श इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी**

**नगरीय निकाय** चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्वक, स्वतंत्र एवं सुचारु रुप से सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी पुलकित खरे एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने मण्डी समिति में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व, नगर मजिस्टेज्ट, सीओ यातायात एवं मंडी सचिव को निर्देश दिये कि चूहा मुक्त दवा का छिड़काव कराया जाये और संबंधित दुकानों को खाली कराकर आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मंडी परिसर, स्ट्रांग रूम, पेयजल, बैरिकेडिंग, बैरियर सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधीनस्थों को निर्देश दिये कि सभी व्यवस्था को सुदृढ़ एवं समय पर पूर्ण कर लें। इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सभी स्ट्रांग रूमों में सीलिंग, शार्ट सर्किट, खिड़कियां, दरवाजे आदि की गहनता से जांच कर लें, यदि मरम्मत के योग्य हों, तो तत्काल सही कराया जाए तथा मंडी परिसर की बैरिकेडिंग मजबूत एवं सुरक्षित हो। जिलाधिकारी ने

> 8 चूहा मुक्त दवा का छिड़काव कराया जाये और संबंधित दुकानों को खाली कराकर आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें

पॉइंट टू पॉइंट ड्यूटी एवं रोस्टर बनाते हुए सुरक्षा कर्मियों की नियुक्त की जाये। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व योगानन्द पांडेय, नगर मजिस्टेज्ट सौरभ दुबे, उप जिला मजिस्टेज्ट सदर अजय जैन, सीओ यातायात धर्मेन्द्र चौहान, लोक निर्माण, मंडी सचिव सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

कंट्रोल रूम स्थापित

जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नम्बर- 0565-2974934, 0565-2972962, 0565-2972963 तथा 0565-2972964 है, जिस पर किसी भी प्रकार की शिकायत, सुझाव आदि दर्ज करायी जा सकती है। अपील की गई है कि निर्वाचन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा सुझाव आदि हो तो इन नम्बरों पर दर्ज करा सकते हैं।

# आज खालसा फतेह मार्च अम्बाला में पहुंचने पर होगा भव्य स्वागत में



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**खालसा** फतेह मार्च के भव्य स्वागत की तैयारियां पूरी, संगत में भारी उत्साह 21 अप्रैल को अम्बाला पहुंचेगा खालसा फतेह मार्च अम्बाला 19 अप्रैल - महान सिख जरनैल महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया जी के 300वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में निकाले जा रहे खालसा फतेह मार्च के भव्य स्वागत की तैयारियों के सम्बन्ध में आज एतिहासिक गुरुद्वारा मंजी साहिब में एक बैठक आयोजित की गई। इस बारे में जानकारी देते हुए रामगढ़िया फैडरेशन ऑफ हरियाणा के अध्यक्ष इंजीनियर बलबीर सिंह ने बताया कि खालसा फतेह मार्च 21 अप्रैल को को दोपहर लगभग 2 बजे अम्बाला पहुंचेगा। खालसा फतेह मार्च का अम्बाला छावनी की संगत काली पलटन पुल के पास व अम्बाला शहर की संगत कालका चौंक पर स्वागत करेगी। उन्होंने बताया कि खालसा फतेह मार्च में चल रही संगत के लिए दोहपर के लंगर की व्यवस्था गुरुद्वारा मंजी साहिब में की गई है।

# एमटीएस विद्यालय के छात्रों का शैक्षिक भ्रमण



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**एम टी एस** विद्यालय के छात्रों को विद्यालय के अध्यापकों ने राजकीय संग्रहालय का शैक्षिक भ्रमण कराया । संग्रहालय में बौद्ध सभ्यता और संस्कृति के अलावा आदिकाल से अब तक चले आ रहे। सिक्के और करेंसी का अवलोकन किया । जानकारी के अनुसार लक्ष्मी नगर जमुनापार क्षेत्र मैं स्थित एमटीएस विद्यालय के कक्षा 9 से 12 तक के लगभग 40 छात्रों का प्रथम बेच विश्व की ऐतिहासिक धरोहर और बौद्ध सभ्यता के लिए मशहूर डेम्पियर नगर स्थित राजकीय संग्रहालय का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। यह कार्यक्रम प्रति सप्ताह विद्यालय की ओर से चलाया जाता है । छात्रों को इतिहास विज्ञान और सामाजिक आदि क्षेत्रों में उनकी ज्ञान स्थिति को मजबूत करने के लिए आसपास के क्षेत्रों का विजुअल अध्ययन कराया जाता है। राजकीय संग्रहालय में बच्चों को भगवान गौतम बुद्ध और प्राचीन सभ्यता से संबंधित तथ्यों का अवलोकन कराया गया। बच्चों को प्राचीन सभ्यता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । अध्यापकों ने बच्चों को इतिहास एवं सामाजिक के नोडल टीचर द्वारा सॉरी क्लास के बच्चों को जानकारी दी गई। इस शैक्षिक भ्रमण कराने वाले अध्यापकों में स्वाति ठाकुर अमित सिंह और रचना शर्मा शामिल रही है।

# महिला बहुतकनीकी में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**सक्षम/माधव नेत्र** ज्योति सोसाइटी, अम्बाला द्वारा कपिल आई हॉस्पिटल, अम्बाला शहर के सहयोग से कल्पना चावला राजकीय महिला बहुतकनीकी अम्बाला शहर में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया ।इस शिविर में कुल 264 छात्राओ के नेत्रों की जाँच की गई जिनमें 53 छात्राओ को जिनकी दृष्टि कम पाई गई उनको गहन जाँच के लिए कपिल आई हॉस्पिटल, अम्बाला शहर से सम्पर्क करने के लिए कहा गया । इस शिविर में सक्षम/माधव नेत्र ज्योति सोसाइटी की ओर से सर्वश्री अरविन्द जैन, ज्ञान प्रकाश कंसल जी , मीनाक्षी गुप्ता तथा कपिल आई हॉस्पिटल की ओर से सुरिन्दर तथा शिवानी ने अपनी सेवाएं प्रदान की ।

# एसीएस अंकुर ने अंबाला के अधिकारियों को दिए विकास संबंधी निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**पशुपालन** एवं डेयरी तथा मत्स्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अंकुर गुप्ता ने एनआईसी कार्यालय अम्बाला शहर के सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिले में चल रही विकास परियोजनाओं एवं विभिन्न विभागों द्वारा जो योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं उसकी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी कहा कि जो विकास कार्य अंतिम चरण में है उन्हें तेजी से पूरा करवाकर आमजन को लोकार्पित किया जाए। इसके साथ-साथ जो अन्य कार्य हैं उनमें भी तेजी लाई जाए। यहां पहुंचने पर उपायुक्त प्रशांत पंवार व अतिरिक्त उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अतिरिक्त मुख्य सचिव का अभिनंदन किया। इस मौके पर उनके साथ मंडलायुक्त रेणू एस फूलिया, एसपी जशनदीप सिंह रंधावा, नगर निगम कमीशनर अंजु चौधरी भी मौजूद रही।

अंकुर गुप्ता ने परियोजनाओं संबधी सभी कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अम्बाला छावनी में प्रस्तावित डोमैस्टिक एयरपोर्ट बारे, अम्बाला शहर नागरिक अस्पताल के तहत 200 से 300 बैड के अपग्रेडेशन बारे, नारायणगढ़ नागरिक अस्पताल के अपग्रेडेशन बारे, टीबी अस्पताल बारे, शहीदी स्मारक बारे, बैंक स्कवेयर कम शॉपिग मॉल, मुलाना कलस्टर के साथ-साथ सिवरेज ट्रीटमैंट प्लांट, पेयजल व्यवस्था के साथ-साथ अन्य विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की।

# सपा प्रत्याशी मीडिया के सामने हुए भावुक



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**स्थानीय निकाय चुनावों** का बिगुल बज चुका है । मथुरा मैं प्रथम चरण में चुनाव होना है । इसके लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है । सपा गठबंधन के प्रत्याशी ने आज अपना दुखड़ा मीडिया के सामने रखते हुए कहा उसके सामने तमाम परेशानियां खड़ी की जा रही है । भ्रामक और कुचक्र रच कर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है इतना ही नहीं कुछ दबंग लोग नाम वापस लेने के लिए डरा धमका भी रहे हैं। मथुरा वृंदावन नगर निगम मेयर पद के प्रत्याशी समाजवादी पार्टी के तुलसीराम शर्मा ने स्थानीय होटल में पत्रकारों से रूबरू होते हुए बताया वह जमीन से जुड़े कार्यकर्ता हैं। खेती किसानी उनका मुख्य व्यवसाय रहा है। इस बार समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय लोक दल और आजाद समाज पार्टी के संयुक्त गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। उन्हें नामांकन करते समय सरकारी मशीनरी के द्वारा परेशान किया गया। उन्होंने आरोप लगाया सरकारी मशीनरी चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए सत्ता पक्ष को महिमामंडित कर रही है। श्री शर्मा ने आरोप लगाया सत्ता पक्ष के इशारे पर मतदाता सूचियों में भी छेड़छाड़ की जा रही है। उन्होंने कहा विपक्षी दलों के प्रत्याशी उनकी समाज में बढ़ती लोकप्रियता और व्यवहार कुशलता से हैरान और परेशान हैं। उन्हें हर जाति धर्म और वर्ग से भरपूर स्नेह और सहयोग मिल रहा है । श्री शर्मा का मानना है मेरी जीत सुनिश्चित है क्योंकि जनता मेरे साथ है । श्री शर्मा ने पत्रकारों के सामने भावुक होते हुए कहा जैसे ही मेरा टिकट फाइनल हुआ मेरे खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट डाल कर मुझे बदनाम करने का प्रयास किया गया। इतना ही नहीं लखनऊ से कई प्रमुख समाचार पत्रों में मेरे चचुनाव ना लड़ने संबंधी खबरें छाप कर मेरे चुनाव अभियान को प्रभावित करने का असफल प्रयास किया गया है। इस घिनौने कृत्य को जिसने भी अंजाम देने का प्रयास किया है। उनको चुनाव बाद सबक सिखाया जाएगा उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी तुलसीराम शर्मा ने स्पष्ट करते हुए कहा वह मथुरा वृंदावन नगर निगम के चुनाव में मेयर के पद पर गठबंधन के प्रत्याशी हैं ।और वह पूरी मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं। मेरे सभी सहयोगी शुभचिंतक और वोटर और सपोर्टर को किसी भी भ्रामक प्रचार का शिकार नहीं होना है चुनाव को पूरे दमखम के साथ लड़ना है और लड़ेंगे और जीतने के लिए कोई कमी नहीं रखेंगे।

# फ्लिपकार्ट ने की सुपर कूलिंग डेज की घोषणा

**गाजियाबाद ।** फ्लिपकार्ट ने 21-26 अप्रैल, 2023 के दौरान अपने फ्लैगशिप इवेंट सुपर कूलिंग डेज की घोषणा की है। सुपर कूलिंग डेज का आयोजन फ्लिपकार्ट द्वारा कस्टमाइज्ड़ पेशकश के तौर पर किया गया है जो ग्राहकों को तरह-तरह के विकल्पों जैसे कि एनर्जी-एफिशिएंट एसी, एयर कूलरों, बीएलडीसी मोटर्स (ब्रशलैस डायरेक्ट करंट मोटर) से सुसज्जित स्मार्ट फैन्स के अलावा अनेक ब्रैंड्स के रेफ्रिजरेटरों का चुनाव की सहूलियत मिलेगी जिनसे उनके बिजली बिलों में भी बचत होगी। सुपर कूलिंग डेज के दौरान, विक्रेताओं की ओर से कूलिंग एप्लायंसेज पर कई आकर्षक पेशकश की जाएंगी और ग्राहकों को एयरकंडीशनरों, रेफ्रिजरेटरों, एयर कूलिरों तथा फैन्स आदि पर एक्सचेंज बोनस, मुफ्त इंस्टॉलेशंस तथा बैंक एवं प्रीपेड ऑफर्स जैसी अनेक सुविधाएं मिलेंगी। अप्रैल के दौरान, कूलिंग एप्लायंसेज की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सबसे ज्यादा बिकने वाले एयर कंडीशनर ब्रैंड्स में ब्लू स्टार, एलजी, सैमसंग, लॉयड, डाइकिन और वोल्टास शामिल हैं जबकि रेफ्रिजरेटर ब्रैंड्स में सैमसंग, एलजी, व्हर्लपूल, हायर और गॉदरेज प्रमुख हैं। एयर कूलरों में सिंफनी, हिंदवेयर, और क्रॉम्पटन तथा फैन ब्रैंड्स में एटमबर्ग, क्रॉम्पटन, ओरिएंट इलैक्ट्रिक, हैवल्स तथा बजाज शामिल हैं। एलजी का 6-इन-1 कन्वर्टिबल इन्वर्टर एसी और वोल्टास स्पिलट इन्वर्टर एयर कंडीशनर, सैमसंग डबल डोर, एलजी तथा व्हर्लपूल रेफ्रिजरेटर की मांग क्रमशः एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर वर्गों में सबसे लोकप्रिय तथा सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले प्रोडक्ट्स के तौर पर रही।

# अवैध हथियार के साथ एक आरोपित को किया गिरफ्तार

**नारनौल/संतोष यादव**

**जिला पुलिस** द्वारा अवैध हथियार रखने के शौकीन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। सीआईए नारनौल की पुलिस टीम ने थाना अटेली के क्षेत्र से एक आरोपित शिव कुमार वासी सैदपुर को अवैध देसी कट्टे सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण द्वारा जिला पुलिस को अपराधियों को पकड़ कर उनपर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए हैं, जिनकी पालना के अंतर्गत सीआईए नारनौल की टीम ने थाना अटेली के क्षेत्र में अटेली से बिहाली गांव की तरफ अटेली पुल के नजदीक से गुप्त सूचना के आधार पर रैड कर एक युवक को काबू किया और उससे एक देसी कट्टा बरामद किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए नारनौल की टीम को गश्त के दौरान बस अड्डा बाछौद पर मौजूद थी, उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली कि अटेली से बिहाली गांव की तरफ अटेली पुल से आगे निकलते ही चौराहे पर एक युवक खड़ा है, जिसके पास अवैध हथियार है और किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में है।

# गैस सिलेंडरों में हुए धमाकों से सहम गए ग्रामीण



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**राधा कुंड** छटीकरा मार्ग स्थित मुखराई चौराहा के समीप सड़क किनारे रखे एक दर्जन से अधिक चाय के खोखों में रात के समय आग लग गई। इन खोखों पर रखे गैस सिलेंडर एक के बाद एक फटने लगे धमाकों की तेज आवाज से ग्रामीण सहम गए। मुखराई और राधा कुंड के ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। पुलिस को घटनाक्रम की जानकारी दी। सिलेंडर के धमाकों की आवाज से सहमे ग्रामीण और पुलिसकर्मी करीब एक घंटे तक घटनास्थल से 500 मीटर दूरी पर खड़े रहे और अग्निशमन दल के पहुंचने का इंतजार करते रहे। हालांकि तब तक आग से हजारों रुपये का नुकसान हो चुका था। राधाकुंड छटीकरा मार्ग सड़क किनारे कमल बघेल, विक्रम, भूरा, चंद्रपाल चौधरी सहित राधाकुंड के अन्य लोगों ने चाय के खोखे खोल रखे हैं। बुधवार की रात करीब दो बजे अचानक अज्ञात कारणों से चाय के खोखे में आग लग गई। कुछ लोगों ने मकानों की छत के ऊपर से देखा कि आग की लपटें उठ रही हैं। इसके बाद मुखराई के ग्रामीण राधाकुंड छटीकरा मार्ग की ओर दौड़ पड़े। वहां आग के बीच गैस सिलेंडरों के फटने के धमाकों से सहम कर दूर खड़े रहे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने फायर बिग्रेड दमकल कर्मियों को बुलाया। काफी मशक्कत के उपरांत आग पर काबू पाया जा सका। गनीमत रही कि जिस समय यह घटना हुई उस समय वहां कोई तीर्थ यात्री और कोई दुकानदार मौजूद नहीं था, नहीं तो जनहानि भी हो सकती थी। जहां ये घटनाक्रम हुआ है, वहां तीर्थ यात्रियों का हुजूम रहता है और सैकड़ों गाड़ियां पार्क होती है।

# 'हर नागरिक रविवार को ड्राई दिवस के रूप में मनाएं'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**उपायुक्त** शांतनु शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचने के लिए प्रत्येक नागरिक को हर रविवार को ड्राई दिवस के रूप में मनाना चाहिए। इस ड्राई दिवस के दौरान आमजन को कूलर, फूलदान, पशु व पक्षियों के पानी के बर्तनों और पानी की होदी को सुखाकर दोबारा पानी भरे, यदि कूलर प्रयोग में नहीं लाए जा रहे तो उन्हे अच्छी साफ करके सुखाकर रखेंगे।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि वेक्टर जनित रोगों को लेकर स्थिति पूर्णतया नियंत्रण में है फिर भी मौसम को देखते हुये निगरानी की आवश्यकता है। इसके साथ ही वीबीडी के साथ-साथ वॉटर बोर्न डीसीस का संज्ञान लेते हुये जनस्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए है कि सप्ताह के एक दिन जिला के सभी क्षेत्रों की पाइप लाइन चैक करवाना सुनिश्चित करें व जहां भी रिपेयर की आवश्यकता है वहां पाईप लाईन रिपेयर करवाये व पानी की गुणवत्ता को देखते हुए पानी में सुपर क्लोरिनेशन का कार्य भी करें। जिससे कि आमजन को पानी से होने वाली बीमारियों से बचाया जा सके।

> 8 ड्राई दिवस के दौरान पक्षियों के पानी के बर्तनों और पानी की होदी को सुखाकर दोबारा पानी भरे



आमजन स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें, अपने घरों के आसपास पानी जमा न होने दें, सभी गड्ढों को मिट्टी से भर दें और रुकी हुई नालियों को साफ रखें। यदि आपके घर में या आसपास पानी जमा होने से रोकना संभव नहीं है तो उसमें पेट्रोल या केरोसिन ऑयल डालें। सभी रूम कूलरों, फूलदानों का सारा पानी हफ्ते में एक बार और पक्षियों को दाना-पानी देने के बर्तन को रोज पूरी तरह से खाली करें और उन्हें सुखाए और फिर भरें, घर में टूटे-फूटे डिब्बे, टायर, बर्तन, बोतलें आदि न रखें अगर रखें तो उसे उल्टा करके रखें।

उन्होंने कहा कि डेंगू के मच्छर साफ पानी में पनपते हैं, इसलिए पानी की टंकी को अच्छी तरह बंद करके रखें।

अपने घरों में सप्ताह में एक बार मच्छर नाशक दवाई का छिडकाव अवश्य करे। जिला में ब्रीडिंग चेकर, फील्ड वर्कर द्वारा घर-घर जाकर मलेरिया उन्मूलन संबंधी मच्छर के लार्वा की ब्रीडिंग चेक की जा रही है और ब्रीडिंग पाए जाने पर तुरंत प्रभाव से टीमों द्वारा टेमिफोस की दवा डलवाकर लारवा को नष्ट किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे हर रविवार को सभी लोग ड्राई डे (शुष्क दिवस) के रूप में मनाएं, जिस दौरान घर के सभी कूलर व टंकियों को अच्छी तरह से कपड़े से रगडकर साफ कर लें, फ्रिज की ट्रे का पानी जो बिजली जाने के बाद फ्रिज की बर्फ के पिघलने से ट्रे में एकत्रित होता है, उसको जरूर साफ करें। अगर साफ करना संभव न हो तो उसमे 5 से 10 एमएल पेट्रोल या डीजल का तेल डाल सकते हैं। क्योंकि फ्रिज की ट्रे के साफ पानी में डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर की उत्पत्ति होती है।

# डीसी ने निरीक्षण कर स्पेशल गिरदावरी की वास्तविकता जांची

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**उपायुक्त** प्रशांत पंवार ने आज राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ फसल खराबा की चल रही स्पेशल गिरदावरी व क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज खराबे के पंजीकरण से सम्बन्धित वास्तविकता जानने के लिए कई गांवों का दौरा किया। उन्होने निरीक्षण करते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ गांव बलाना, हुमांयुपुर, सकराओं व नग्गल का दौरा किया। उन्होंने यहां पर खेतों में जाकर फसलों के खराबे संबंधी जानकारी हासिल की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान हर स्थिति का बारीकी से जायजा भी लिया। डीआरओ कैप्टन विनोद शर्मा ने उपायुक्त को बताया कि उनके मार्गदर्शन में फसलों के खराबे से सम्बन्धित स्थिति का जायजा लेने व सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। अधिकतर कार्य को कर लिया गया है। उपायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को कहा कि जो भी खराबे संबंधी रिपोर्ट है उसका सत्यापन करते हुए उसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि यह रिपोर्ट चण्डीगढ़ मुख्यालय भिजवाई जा सके और सम्बन्धित प्रभावित किसानों को नियमानुसार उनकी फसलों का मुआवजा उपलब्ध करवाया जा सके।

> 8 निरीक्षण करते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ गांव बलाना, हुमांयुपुर, सकराओं व नग्गल का दौरा किया

उपायुक्त ने यह भी बताया कि पिछले दिनों बेमौसमी बरसात के चलते कुछ जगहों पर फसल खराबे संबंधी रिपोर्ट मिली थी, उसी आधार पर राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा सत्यापन का कार्य किया जा रहा है।

# संपादकीय

## भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा देश

**स्वामी** विवेकानंद सदैव युवा शक्ति के प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं।उन्होंने कहा है की मुझे कुछ साहसी और ऊर्जावान युवा पुरुष मिल जाए, तो मैं देशभर में क्रांति ला सकता हूं' स्वतंत्रता के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी और कर्तव्यों से युवा ऊजार्वान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और उन पर सदैव भरोसा करने वाली नीतियां बनाते आए हैं' और हमेशा युवाओं पर भरोसा किया है' स्वतंत्रता संग्राम में भी मंगल पांडे ,लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, राम प्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस आदि युवाओं ने अपना सब कुछ न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई थी' स्वतंत्रता के बाद भी भारत पर पाकिस्तान और चीन ने अनावश्यक आक्रमण कर भारत पर मानसिक दबाव डालना चाहा,पर भारत के नौजवान सैनिकों ने जिस साहस और वीरता के साथ सामना कर विजय प्राप्त की थी वह अत्यंत प्रशंसनीय एवं आदर्श का कार्य है। कारगिल युद्ध में भी भारत के नौजवान अधिकारी, सैनिकों ने पाकिस्तान को हराकर एक विजय गाथा लिखी थी। भारत के युवा गौरव की विजय गाथा किसी से छुपी नहीं है। भारत के युवा लोगों ने बुजुर्ग विद्वानों, दार्शनिकों और वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में देश भक्ति के अलावा अध्यात्म, धर्म,साहित्य, विज्ञान,कृषि तथा उद्योगों में पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। भारत के युवाओं ने यूरोप में अपने परिश्रम और लगन इमानदारी से अपना परचम फैलाया है। मैक्स मूलर ने ली भारत की युवा शक्ति की सराहना करते हैं भारत को एक युवा इस निरूपित कर भविष्य की असीम संभावनाओं की ओर इंगित किया है। भारत एक युवा राष्ट्र है ।और उसमें असीम संभावनाएं अंतर्निहित हैं ।वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा शक्ति को चिन्हित कर सभी युवाओं का आह्वान कर युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। और यही कारण है की युवा शक्ति के साहस और संकल्प में जापान ओलंपिक 2020 में 7 मेडल लाकर एक इतिहास रचा है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी लिखा है कि

देखो हमारा विश्व में कोई नहीं उपमान था,
नरदेव थे हम और भारत देवलोक के समान था"

भारत की महान उपलब्धियों में देश की युवा शक्ति का बहुत बड़ा योगदान है। आज आई, आई, एम, आई,आई,टी, ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट तथा देश के अन्य शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े छात्र छात्राओं के शोध और अविष्कार के चलते भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की युवा सोच और दृढ़ संकल्प लें भारत के युवाओं में एक ऊर्जा प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया है। यह अलग मुद्दा है कि स्वतंत्रता के बाद हमारी शिक्षा नीति ने लाखों बेरोजगार लोगों को जन्म दिया है । बेरोजगारी के दंश ने युवा शक्ति को काफी पीछे धकेल दिया है। पर नई शिक्षा नीति के आने से युवा अपने रोजगार तलाशने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। भारत की विशाल जनसंख्या एक बड़ा रुकावट का कारण भी है। और यदि युवा संकल्प लें तो अपना निजी उद्योग और निजी व्यवसाय कर के भारत राष्ट्र को एक नई दिशा तथा सन्मार्ग प्रदान कर सकते हैं। 1979 में जयप्रकाश नारायण ने युवा शक्ति को लेकर एक बड़ा आंदोलन चलाया था।

# कांग्रेस विपक्ष की ताकत रखते हुए आज भी बौनी नजर आती है

अशोक भाटिया

> "नेहरू स्वतन्त्रता संग्राम की विरासत लेकर चले थे और इन्दिरा गांधी स्वतन्त्र भारत की आर्थिक समानता को। परन्तु जब जवाहर लाल नेहरू को 1962 में चीन से युद्ध में पराजय के बाद कांग्रेस पर संकट आता दिखा तो उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमन्त्री और लोकप्रिय जन नेता स्व. कामराज को कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना कर पूरी पार्टी का पुनरुत्थान करने का फामूर्ला खोजा और जब 1966 में ही इन्दिरा जी को यह लगने लगा था कि कांग्रेस कार्यकारिणी में मौजूद दिग्गज कांग्रेसी नेता प्रधानमन्त्री के तौर पर उन्हें मनमाफिक तरीके से घुमाना चाहते हैं तो वह इसी साल के अन्त में कांग्रेस के जयपुर अधिवेशन में निजी बैंकों के राष्ट्रीयकरण करने के प्रस्ताव को लेकर आयीं जिसकी तरफ दिग्गज नेताओं ने कोई ध्यान ही नहीं दिया और इन्दिरा जी का प्रस्ताव धरा का धरा रह गया"

**आज** भी विपक्ष में सिर्फ कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जिसके पास दो मुख्यमंत्री, तीन और राज्य सरकारों में प्रतिनिधित्व, 88 सांसद, 688 विधायक और 46 पार्षद हैं । विपक्ष के लिए यह स्थिति अच्छी भी है और बुरी भी. भाजपा के विस्तार के सामने कांग्रेस आज बौनी नजर आती है । बल्कि चुनाव दर चुनाव कांग्रेस का कद और घटता ही जा रहा है. ऐसे में वो विपक्ष के आखिर किस काम आ रही है, राजनीतिक पर्यवेक्षकों का यह सवाल उठाना लाजमी है ।विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते कांग्रेस को विपक्ष का इंजन होना चाहिए था । लेकिन स्थित कुछ ऐसी हो गई है कि वो विपक्ष को आगे खींचने की जगह आगे बढ़ने से रोक रही है । एक तरह से वो एक ऐसे जमीन मालिक की तरह हो गई है जो न खुद उस जमीन का इस्तेमाल कर रहा और न किसी और को करने दे रहा है । विपक्ष भी महाराष्ट्र को छोड़ कर और कहीं एकजुट होता नजर नहीं आ रहा और इसका सीधा फायदा भाजपा निकाल ले रही है । राष्ट्रीय नेतृत्व को लेकर संशय हो या पुराने नेता बनाम नए नेताओं का आतंरिक झगड़ा, कई कारण हैं जो कांग्रेस को डुबा रहे हैं । लेकिन इस समय की भाजपा की राजनीतिक मशीनरी से राष्ट्रीय स्तर पर टक्कर लेना न अकेले कांग्रेस के बस की बात है न कांग्रेस-रहित विपक्ष के और अपनी जमीन बचाए रखने के लिए विपक्ष को इस तमगे के आगे सोचना पड़ेगा । विपक्ष के कई नेता काफी समय से कहते आ रहे हैं कि भाजपा को टक्कर देने के लिए सभी पार्टियों की मिली जुली ताकत लगेगी। इस फॉर्मूले के मुताबिक एक इंद्रधनुषीय गठबंधन बनाना होगा और जो पार्टी जिस राज्य में, जिस सीट पर भाजपा को टक्कर देने में सबसे मजबूत स्थिति में हो उस सीट को उस पार्टी के लिए छोड़ना होगा । हालांकि अभी इस फॉमूर्ले तो क्या इस सवाल पर भी विपक्ष में सहमति नहीं हो पाई है कि आखिर जनता के बीच क्या लेकर जाएंगे. क्या है जो उन्हें भाजपा से अलग बनाता है? किस आधार पर वे वो खुद को मतदाता के लिए भाजपा से बेहतर विकल्प बता पाएंगे? भाजपा का मूल मंत्र आज भी 'हिंदुत्व' ही है, जबकि विपक्ष आज भी इस उलझन में है कि उसे 'हिंदुत्व' को अपनाना है या उसका विरोध करना है । जब तक विपक्षी पार्टियां अपनी उलझनों के परे साफ देखने की क्षमता हासिल नहीं कर लेतीं, तब तक शायद वो बीजेपी से



कम और एक दूसरे से ज्यादा लड़ती रहेंगी । विपक्ष का नेतृत्व करने में कांग्रेस से प्रतिस्पर्धा करने वाली तृणमूल कांग्रेस अभी कांग्रेस की परछाई के बराबर भी नहीं है । आम आदमी पार्टी भले ही दो राज्यों में सत्ता में आ चुकी है, लेकिन उसका कुल चुनावी बल अभी तृणमूल से भी कम है ।हमें और आपको ये आंकड़े बार बार देखने पड़ते हैं लेकिन पार्टियां इन्हें नींद में भी नहीं भूलतीं. इसलिए पार्टियां अपनी अपनी हैसियत नहीं समझती हैं, यह मानना खुद को भ्रमित रखने के बराबर होगा. । इसके बावजूद वो आपस में प्रतिस्पर्धा करती हैं क्योंकि सबको 'सबसे बड़ी पार्टी' का तमगा चाहिए । सत्ता में नहीं तो विपक्ष में सही. लेकिन इस तमगे की ललक तब तक ही बरकरार रहेगी जब तक विपक्ष के लिए जमीन रहेगी. और अपनी जमीन बचाए रखने के लिए विपक्ष को इस तमगे के आगे सोचना पड़ेगा । विपक्ष के कई नेता काफी समय से कहते आ रहे हैं कि भाजपा को टक्कर देने के लिए सभी पार्टियों की मिली जुली ताकत लगेगी ।भाजपा का मूल मंत्र आज भी 'हिंदुत्व' ही है, जबकि विपक्ष आज भी इस उलझन में है कि उसे 'हिंदुत्व' को अपनाना है या उसका विरोध करना है । जब तक विपक्षी पार्टियां अपनी उलझनों के परे साफ देखने की क्षमता हासिल नहीं कर लेतीं, तब तक शायद वो भाजपा से कम और एक दूसरे से ज्यादा लड़ती रहेंगी । दूसरी तरफ आज कल कांग्रेस पार्टी में जो उठा-पटक और अन्दरूनी द्वन्द चल रहा है उसका मुख्य कारण राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीय ह्यराजनैतिक विमर्शह्ल का बदलना है। राजनीतिक दौर के इस ह्यरूपान्तरणह्ल को पार्टी अपने जवाबी विमर्श से संभालने में इसलिए असमर्थ जान पड़ती है क्योंकि कांग्रेस के उन अनुभवी नेताओं का इस जवाबी विमर्श में वह ह्यतत्व ज्ञानह्ल समाहित नहीं है जिसके बूते पर कांग्रेस आजादी के बाद से हर मुसीबत का हिम्मत के साथ मुकाबला करती रही है। बेशक राजनैतिक धरातल पर एक ह्ययुग परिवर्तनह्ल हो चुका है और 21वीं सदी की कांग्रेस राष्ट्रीय पटल पर प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उभरी ह्यनई भाजपाह्ल का मुकाबला नहीं कर पा रही है। मगर इसके साथ यह भी सत्य है कि आज भी कांग्रेस भारतवर्ष के प्रत्येक राज्य और जिले में इस हकीकत के बावजूद जिन्दा है कि विभिन्न राज्यों में इसी से अलग होकर विभिन्न उपनामों से विभूषित होकर कई कांग्रेस पार्टियां निकल चुकी हैं। इस सन्दर्भ में सबसे पहले हर कांग्रेसी को मन से यह स्वीकार करना होगा कि आज के भारत में भी कांग्रेस की सबसे बड़ा राजनैतिक सरमाया ह्यनेहरू-गांधीह्ल की विरासत ही है परन्तु व्यावहारिक राजनीति का वह तौर-तरीका नहीं जिसके लिए महात्मा गांधी से लेकर पं. जवाहर लाल नेहरू और इन्दिरा गांधी जाने जाते थे। नेहरू स्वतन्त्रता संग्राम की विरासत लेकर चले थे और इन्दिरा गांधी स्वतन्त्र भारत की आर्थिक समानता को। परन्तु जब जवाहर लाल नेहरू को 1962 में चीन से युद्ध में पराजय के बाद कांग्रेस पर संकट आता दिखा तो उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमन्त्री और लोकप्रिय जन नेता स्व. कामराज को कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना कर पूरी पार्टी का पुनरुत्थान करने का फामूर्ला खोजा और जब 1966 में ही इन्दिरा जी को यह लगने लगा था कि कांग्रेस कार्यकारिणी में मौजूद दिग्गज कांग्रेसी नेता प्रधानमन्त्री के तौर पर उन्हें मनमाफिक तरीके से घुमाना चाहते हैं तो वह इसी साल के अन्त में कांग्रेस के जयपुर अधिवेशन में निजी बैंकों के राष्ट्रीयकरण करने के प्रस्ताव को लेकर आयीं जिसकी तरफ दिग्गज नेताओं ने कोई ध्यान ही नहीं दिया और इन्दिरा जी का प्रस्ताव धरा का धरा रह गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता स्व. कामराज ही कर रहे थे और वह समाजवादी विचारों के माने जाते थे, इसके बावजूद मोरारजी देसाई व अन्य नेताओं के दबदबे की वजह से प्रधानमन्त्री को गंभीरता के साथ नहीं लिया गया और जब 1967 में हुए आम चुनावों का परिणाम आया तो कांग्रेस को नौ राज्यों में पराजय का मुख्य देखना पड़ा और इस पार्टी से पुराने नेताओं का टूटना शुरू हो गया। जिनमें उ.प्र. से चौधरी चरण सिंह से लेकर मध्य प्रदेश में गोविन्द नारायण सिंह, बिहार में महामाया प्रसाद सिन्हा और हरियाणा में राव वीरेन्द्र सिंह प्रमुख थे। चुनाव परिणामों से इन्दिरा गांधी की छवि तत्कालीन विपक्ष ने ह्यगूंगी गुड़ियाह्ल जैसी बनाने में सफलता प्राप्त कर ली थी। मगर उसके बाद से इन्दिरा जी ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमन्त्री स्व. डा. द्वारका प्रशाद मिश्र से सम्पर्क साधना शुरू किया जिन्हें एक जमाने में ह्यचाणक्यह्ल भी कहा जाता था। उसके बाद 1969 से लेकर 1971 तक जो हुआ उसके पीछे डा. मिश्र का दिमाग काम कर रहा था। 1969 में इन्दिरा जी ने राष्ट्रपति डा. जाकिर हुसैन की असामयिक मृत्यु के बाद राष्ट्रपति चुनाव में कांग्रेस कार्यकारिणी के अधिकृत राष्ट्रपति प्रत्याशी नीलम संजीवन रेड्डी को अस्वीकार करते हुए तत्कालीन उपराष्ट्रपति श्री वी.वी. गिरी को अपना प्रत्याशी घोषित किया और इस मुद्दे पर कांग्रेस को दो फाड़ करते हुए अपने एजेंडे का लागू किया जो बैंकों का राष्ट्रीयकरण था। इन्दिरा जी ये सारे कदम डा. मिश्र से सलाह-मशविरा करते हुए उठा रही थीं। राष्ट्रपति चुनाव वी.वी. गिरी जीते तो इन्दिरा गांधी की छवि में परिवर्तन आया और जब उन्होंने बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया तो जनता के बीच उनकी छवि रानी झांसी चुनावों में साफ नजर आया परन्तु इन्दिरा गांधी की इस कामयाबी के पीछे डा. द्वारका प्रसाद मिश्र का ही दिमाग था। ह सब इतिहास लिखने का मन्तव्य केवल इतना ही है कि राजनीति में अनुभव का कोई विकल्प नहीं होता।

# कविता

फकीरों को भला किसका डर होगा,
है खुदा, तो भला किसका डर होगा।

खुशियाँ बांटिए तेजी से हैं बढती,
गमों का भला हम पर क्या असर होगा।

उसके लिए है हर पल आनंद ही आनंद
फसानों का भला उस पर क्या कहर होगा।

दो पल की माया है दौलत, शोहरत,
फकीरों के लिए यह तो जहर होगा।

खुशी और गम,सिक्के के दो पहलु,
सोचो गम न हो तो कैसा शहर होगा।

जिंदगी की जंग जीतेगा वहीं,
जो ईमान का हम सफर होगा।

आज जी ले,जोश जूनून के संग,
अगला पल,बेइंतहा बेहतर होगा।

कर ले उपवास ईश्वर के नाम,
ऊपर वाला ही तेरा रहबर होगा।

संजीव ठाकुर

## सिविल सेवा दिवस मनाने का उद्देश्य?

**रवि रंजन**

**भारतीय** सिविल सेवा भारत सरकार की ओर से नागरिक सेवा तथा स्थायी नौकरशाही है। सिविल सेवा देश की प्रशासनिक की रीढ़ है। जब ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के नागरिक कर्मचारी कार्य में शामिल हुए थे और उन्हें 'लोक सेवक' के रूप में जाना जाता था। भारत सरकार हर साल सिविल सेवकों के लिए नागरिकों की सेवा के लिए खुद को फिर से समर्पित करने और सार्वजनिक सेवा और काम में उत्कृष्टता के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को नवीनीकृत करने के अवसर के रूप में सिविल सेवा दिवस मनाती है। इस तिथि को चुनने के पीछे का कारण उस दिन को याद करना था जब स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने 1947 में मेटकाफ हाउस, दिल्ली में प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के परिवीक्षार्थियों को संबोधित किया था। वहां उन्होंने सिविल सेवकों को 'भारत का स्टील फ्रेम' कहा । इसका मतलब यह था कि सरकार के विभिन्न स्तरों पर कार्यरत सिविल सेवक देश की प्रशासनिक प्रणाली के सहायक स्तंभों के रूप में कार्य करते हैं। 21 अप्रैल को राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है` भारतीय प्रशासनिक सेवा, राज्य प्रशासनिक सेवा के सदस्यों द्वारा अपने आप को नागरिकों के लिए एक बार फिर समर्पित और वचनबद्ध करना है । वहीं सरकार के लिए सिविल सेवा अधिकारियों के कार्य और प्रयासों को प्रेरित करना और उनकी सराहना करना है। सरकार विभागों के कार्यों का मूल्यांकन करती है। केंद्र सरकार सबसे अच्छा काम करने वाले अधिकारियों और समूहों को पुरस्कार देती है। इस दिन ज्यादातर केंद्र और राज्य सरकारों के अधिकारियों को भारत के प्रधानमंत्री द्वारा लोक प्रशासन के क्षेत्र में उनकी असाधारण सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाता है। देश में नए परिवर्तन, नए लक्ष्यों की प्राप्ति, नए मार्ग और नए तौर-तरीके अपनाने के लिए बहुत बड़ी भूमिका ट्रेनिंग और कौशल विकास की होती है । पहले के समय में इस पर बहुत जोर नहीं रहता था। प्रशिक्षण में आधुनिक अप्रोच कैसे आए, इस बारे में बहुत सोचा नहीं गया लेकिन अब देश में मानव संसाधन के सही और आधुनिक प्रशिक्षण पर भी बहुत जोर दिया जा रहा है। कुछ वर्षों में सिविल सर्वेन्ट्स की ट्रेनिंग का स्वरूप बहुत बदल गया है। इसी कड़ी में 'आरंभ' सिर्फ आरंभ नहीं है, एक प्रतीक भी है और एक नई परंपरा भी । इसी तरह मिशन कर्मयोगी, क्षमता-निर्माण की दिशा में अपनी तरह का एक नया प्रयोग है।

इस मिशन के जरिए, सरकारी कर्मचारियों और उनकी सोच- अप्रोच को आधुनिक बनाना है, उनका कौशल सेट सुधारना है, उन्हें कर्मयोगी बनने का अवसर देना है। अफसरों की ट्रेनिंग में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, डाटा गवर्नेंस आदि को जोड़ा गया है ।

# विचार

## धरती माता की रक्षा करें

**डॉ सत्यवान सौरभ**

पृथ्वी दिवस प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को होता है। जलवायु परिवर्तन मानवता के भविष्य और हमारी दुनिया को रहने योग्य बनाने वाली जीवन-समर्थक प्रणालियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती का प्रतिनिधित्व करता है, पृथ्वी दिवस संकट में एक पर्यावरण के लिए एक एकीकृत प्रतिक्रिया थी - तेल रिसाव, धुंध, नदियाँ इतनी प्रदूषित कि उन्होंने सचमुच आग पकड़ ली। 22 अप्रैल, 1970 को, 20 मिलियन अमेरिकी उस समय की अमेरिकी आबादी का 10% - पर्यावरणीय अज्ञानता का विरोध करने और हमारे ग्रह के लिए एक नए तरीके की मांग करने के लिए सड़कों, कॉलेज परिसरों और सैकड़ों शहरों में गए।पहले पृथ्वी दिवस को आधुनिक पर्यावरण आंदोलन शुरू करने का श्रेय दिया जाता है, और अब इसे ग्रह की सबसे बड़ी नागरिक घटना के रूप में मान्यता प्राप्त है, पृथ्वी दिवस प्रमुख अंतरराष्ट्रीय महत्व रखता है, 2016 में, संयुक्त राष्ट्र ने पृथ्वी दिवस को उस दिन के रूप में चुना जब जलवायु परिवर्तन पर ऐतिहासिक पेरिस समझौते को लागू किया गया था। यह हम में से प्रत्येक को यह याद दिलाने के लिए मनाया जाता है कि पृथ्वी और इसके पारिस्थितिक तंत्र हमें जीवन और जीविका प्रदान करते हैं। यह दिन एक सामूहिक जिम्मेदारी को भी पहचानता है, जैसा कि 1992 के रियो घोषणा में कहा गया था, प्रकृति और पृथ्वी के साथ सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए मानवता की वर्तमान और भावी पीढ़ियों की आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय आवश्यकताओं के बीच एक उचित संतुलन हासिल करने के लिए। यह दिन दुनिया भर में ग्रह की भलाई और इसके द्वारा समर्थित सभी जीवन के बारे में चुनौतियों के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। भारत दुनिया भर के कुछ देशों में से एक है, जिसके पास कोयले पर उपकर के रूप में कार्बन टैक्स है। भारत ने न केवल ऐसा उपकर लगाया है बल्कि वह उत्तरोत्तर इसे बढ़ाया भी जा रहा है। राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा कोष जो कोयले पर उपकर द्वारा समर्थित है, स्वच्छ ऊर्जा पहलों को वित्तपोषित करने और बढ़ावा देने, स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अनुसंधान को वित्तपोषित करने और किसी अन्य संबंधित गतिविधियों के लिए बनाया गया था। केंद्र सरकार ने अप्रैल 2015 में देश में पर्यावरण के अनुकूल वाहनों की बिक्री को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (फेम)-इंडिया स्कीम लॉन्च की। यह इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लिए राष्ट्रीय मिशन का एक हिस्सा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना गरीबी रेखा से नीचे के पांच करोड़ लाभार्थियों को एलपीजी कनेक्शन प्रदान करती है। कनेक्शन महिला लाभार्थियों के नाम पर दिए गए हैं ताकि खाना पकाने के लिए जीवाश्म ईंधन और गाय के गोबर जैसे पारंपरिक ईंधन पर उनकी निर्भरता कम की जा सके और इस प्रकार वायु प्रदूषण को कम किया जा सके। उजाला योजना योजना जनवरी 2015 में 77 करोड़ गरमागरम लैंपों को एलईडी बल्बों से बदलने के लक्ष्य के साथ शुरू की गई थी। एलईडी बल्ब के उपयोग से न केवल बिजली के बिल में कमी आएगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। स्वच्छ भारत अभियान (स्वच्छ भारत आंदोलन) एक अभियान है जिसे 2 अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया था। अभियान देश के 4041 वैधानिक शहरों और कस्बों की सड़कों, सड़कों और बुनियादी ढांचे को साफ करना चाहता है। "कम करें, पुनः उपयोग करें, रीसायकल" की अवधारणाओं का उपयोग करके घर पर, छतों पर, या अपने स्वयं के घर पर पर्यावरण की रक्षा के अन्य तरीकों की जांच करें, एक व्यक्तिगत सफाई परियोजना के लिए एक सप्ताह के अंत में एक सुबह आस-पड़ोस में फेंके गए प्लास्टिक, डिब्बे, और बोतलों की छानबीन करें जिससे पूरे समुदाय को मदद मिलेगी। यदि आप एक तटीय क्षेत्र में रहते हैं, तो यह विशेष रूप से समुद्री वन्य जीवन की रक्षा करने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण है। एक घरेलू ऊर्जा लेखा परीक्षा करें। लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर ध्यान केंद्रित करें जो 24/7 पर बचे हैं (जो प्रति वर्ष आवासीय ऊर्जा उपयोग का 5-10% है) उपयोग में नहीं होने पर इन उपकरणों को बंद कर दें।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## हर 5वां व्यक्ति आज भारतीय

**सुनील कुमार महला**

**हाल** ही में भारत जनसंख्या मामले में चीन को पछाड़ विश्व में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन गया है। आज दुनिया की आबादी आठ सौ करोड़ के पार हो गई है और हर पांचवें व्यक्ति में एक भारतीय है। आज की तारीख में भारत में चीन से उनतीस लाख लोग ज्यादा है। जानकारी देना चाहूंगा कि यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड द्वारा हाल ही में जारी रिपोर्ट (वर्ष 2023) के मुताबिक अब भारत की जनसंख्या 142 करोड़ 86 लाख है। वहीं चीन की जनसंख्या 142 करोड़ 57 लाख है। हालांकि आंकड़ों के मुताबिक चीन की जनसंख्या 142.57 करोड़ है, इसलिए भारत और चीन की जनसंख्या में बहुत ज्यादा अंतर नहीं है, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि भविष्य में यह अंतर धीरे धीरे बढ़ता चला जाएगा। बताया जा रहा है कि वर्ष 2050 तक भारत की जनसंख्या करीब 166.8 करोड़ होगी। वहीं, चीन की जनसंख्या में बड़ी कमी आने से वह 131.7 करोड़ के आंकड़ें.तक ही सीमित रहने की संभावना है। इस अनुमान के अनुसार, वर्ष 2100 तक दोनों देशों की जनसंख्या के बीच अंतर बहुत अधिक बढ़ जाएगा। उस समय भारत की जनसंख्या करीब 153 करोड़, तो चीन की जनसंख्या करीब 76.6 करोड़ होगी। दूसरे शब्दों में कहें तो, आने वाले कई दशकों तक सबसे ज्यादा जनसंख्या वाले देश का दर्जा भारत के ही पास रहने वाला है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2022 में चीन की आबादी में साढ़े आठ लाख की कमी आई थी और 1961 के बाद पहली बार ऐसा हुआ था। वास्तव में, वर्ष 1990 से वर्ष 2023 तक कुल तैंतीस साल में जनसंख्या की तस्वीर बहुत बदल गई है। यदि हम यहां वर्ष 1990 की बात करें तो वर्ष 1990 में भारत की जनसंख्या 87 करोड़ थी, वहीं चीन की जनसंख्या उस समय 118 करोड़ थी। वर्ष 2000 में भारत की जनसंख्या 106 करोड़ जबकि चीन की जनसंख्या 129 करोड़ थी। इसी प्रकार से वर्ष 2010 में भारत की आबादी 123 करोड़, चीन की आबादी 136 करोड़ थी। वर्ष 2020 में भारत की आबादी 138 करोड़ तथा चीन की आबादी 144 करोड़ थी और इसमें मात्र छह करोड़ का ही अंतर था।

## हमें तो लिखने का मसाला चाहिए

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**लिखने का** मसाला हमारे चारों ओर फैला हुआ है। जो जितना लिखना चाहे उतना उठा सकता है। इन्हीं मसालों के बीच एक मसाला था गड्ढा। जी हाँ, चमचमाती सड़क के बीच एक गड्ढा था। गड्ढा भी बड़ा चिढ़ा-चिढ़ा था। गड्ढे की सूरत देखकर ऐसा लगा कि कांट्रैक्टर को उसकी मुँह मांगी कीमत नहीं मिली तो सड़क के मुँह पर यह गड्ढा छोड़ गया हो। अब गड्ढा बन ही गया है तो गिरना बनता ही है। नहीं तो गड्ढे की क्या इज्जत रह जाएगी। सो आए दिन कोई न कोई गड्ढे में गिरता और अपने हाथ-पैर तुड़वाता। एक दिन एक माँ-बेटे गड्ढे में गिर गए। आप तो जानते ही हैं कि हमारे देश में आपदा के समय सहायता करने वाले बाद में तमाशा देखने वाले पहले पहुँच जाते हैं। वैसे भीड़ की मानसिकता बहुविकल्पीय होती है। पहले तो अ की सोच ब की सोच से मेल नहीं खाएगी। मेल खा भी गयी तो स की सोच उन दोनों की नहीं मानेगी। मान भी गयी तो द की सोच कुछ करने नहीं देगी। कुल मिलाकर जहाँ थे वहीं पर रहते हैं। कुछ पढ़े-लिखे घटना का वीडियो बनाकर अपलोड करने की अपनी मौलिक व प्राथमिक जिम्मेदारी पूरी करते हैं। ऐसा नहीं करने पर उनका हाजमा बिगड़ जाने की प्रबल संभावना बनी रहती है। यदि कोई सहायता करने के लिए हाथ बढ़ाता है तो उसे अनपढ़-गंवार कहकर उसका मजाक उड़ाया जाता है। ऐसे लोगों की सोच में समझदार हेल्पलाइन नंबर पर फोन लगाते हैं और बेवकूफ सहायता करने के चक्कर में खुद पुलिस थाने के चक्कर में लग जाते हैं। इन सब के बीच सबसे खुश एक ही व्यक्ति रहता है जो न तो सहायता करता है न हेल्पलाइन को फोन। जानते हो वह व्यक्ति कौन होता है? उसे ही आज की दुनिया में व्यंग्यकार कहते हैं। उसे तो ऐसे-जैसे-तैसे लिखने के लिए मसाला चाहिए। मसाला मिल गया तो समझो कोरा कागज घिसकर काला कर दिया। छप गए अगले दिन। लाइक्स पर लाइक्स और शेयर का सुख अलग से। वाहवाही के झूले में झूलने वाले व्यंग्यकार लोगों की पीड़ाओं में अपने छपास सुख की अठखेलियाँ खेलते रहते हैं।

# 'मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार योजना से लोगों को जोड़ें'

## मेले के लिए अधिक से अधिक पात्रों की काउंसलिंग करने के उपायुक्तों को दिए निर्देश



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा के मुख्य** सचिव संजीव कौशल ने गुरूवार को एक विडियो कॉंफ्रैंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का पात्र लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की आय 1 लाख 80 हजार से कम है, उन्हें सरकार की विभिन्न स्कीमो का लाभ देकर स्वरोजगार से जोड़ें।

उन्होंने कहा कि इस स्कीम के तहत अब तक जिला, खण्ड और निकाय स्तर पर तीन चरणों में मेले लगाए जा चुके हैं। अब चौथा चरण आगामी 28 अप्रैल से प्रारम्भ होना है, इसकी तैयारी कर लें। तैयारी के लिए उन्होंने निर्देश दिए कि जिन पात्र व्यक्तियों को भिन्न-भिन्न स्कीमों को लाभ दिया जाना है, उनकी सूची सरकार की ओर से सभी जिलों को प्रेषित कर दी गई है। सूची में दिए गए पात्रों की काउंसलिंग करें और ऐसे प्रयास करें कि सूची के अनुसार कम से कम 80 प्रतिशत पात्र मेले में पहुंचें, यानि उन्हें मेले में बुलाएं।

मुख्य सचिव ने आगे कहा कि पूर्व में लगाए गए मेलों में जिन लाभार्थियों को अभी तक बैंकों से ऋण का लाभ नहीं मिला है, उसे दिलवाया जाए, पैंडेंसी को खत्म करें। इसके लिए उपायुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त अपने स्तर पर ेस प्रयास करें। बैंकर्स के साथ समंवय स्थापित कर, जिन पात्र व्यक्तियों का ऋण स्वीकृत हो चुका है, उसकी अदायगी करवाएं। उन्होंने उपायुक्तों से कहा कि मुख्यमंत्री चाहते हैं कि प्रदेश के गरीब वर्गीय परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपए से ऊपर करके उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत किया जाए।

उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग, मतस्य पालन और सरकारी क्षेत्र की कई ऐसी स्कीमे हैं, जिनमें अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया जा सकता है। इसके लिए पात्रों की काउंसलिंग पर जोर दें और उन्हें समझाएं कि वे इन स्कीमो का लाभ उठाकर अपने परिवार का उत्थान कर सकते हैं। मुख्य सचिव की विडियो कॉंफ्रैंसिंग में मुख्यालय से विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर के शीर्ष अधिकारी भी शामिल हुए।

> 8 जिन लोगों की आय 1 लाख 80 हजार से कम है, उन्हें सरकार की विभिन्न स्कीमो का लाभ देकर स्वरोजगार से जोड़ें

करनाल से उपायुक्त अनीश यादव विडियो कॉंफ्रैंसिंग से जुड़े। उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा भी मौजूद रहे।

उपायुक्त ने मुख्य सचिव को भरोसा दिलाया कि लाभ पात्रों को बैंको से ऋणो की अदायगी करवाने के अधिक से अधिक प्रयास जारी रहेंगे। इसके लिए जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित करने के साथ-साथ अतिरिक्त उपायुक्त के कार्यालय द्वारा भी अपने स्तर पर भी बैंको से समंवय स्थापित कर ऋण स्वीकृति पर जोर दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि करनाल जिला में पात्र व्यक्तियों से प्री-मेला काउंसलिंग चल रही है। उम्मीद रहेगी कि मेले में 80 प्रतिशत से ज्यादा पात्र पहुंच पाएंगे।

## किसान फसल अवशेषों के समुचित प्रबंधन के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों का करें उपयोग : अनीश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**उपायुक्त** अनीश यादव ने कहा कि किसान फसल के अवशेषों को खेतों में न जलाएं बल्कि आधुनिक कृषि उपकरणों से खेतों में ही उनका प्रबंधन सुनिश्चित करें। फसल अवशेष प्रबंधन से भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहती है तथा पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा कृषि यंत्र किसानों को अनुदान राशि पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। किसानों को चाहिए कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाएं और स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने में अपना सहयोग करें। उपायुक्त ने फसल अवशेषों में आग लगाने की घटनाओं का जिक्र करते कहा कि मानव स्वास्थ्य से जुड़े इस मुद्दे को लेकर अब सर्वोच्च न्यायालय, एन.जी.टी. और प्रदूषण नियंत्रण विभाग गम्भीर है और ऐसे मामलों में भारी जुमार्ना और सजा का प्रावधान कर दिया है। अगर कोई फसल अवशेष जलाया पाया जाता है तो वह पर्यावरण के नुकसान की भरपाई देने के लिए उत्तरदायी होगा। उन्होंने बताया कि 2 एकड़ भूमि तक 2500 रुपये प्रति एकड़ घटना, 2 से 5 एकड़ भूमि तक 5 हजार रुपये प्रति घटना, 5 एकड़ से ज्यादा भूमि 15 हजार रुपये प्रति एकड़ घटना का प्रावधान है।


उन्होंने बताया कि खेतों में आग लगाने वाले लोग नासमझी करते हैं, जिससे जमीन की सेहत और पर्यावरण दोनों बिगड़ते हैं, और भी कई तरह के नुकसान हैं। इन सब बातों को देखते सरकार फसल अवशेष प्रबंधन पर करोड़ो रुपए खर्च कर किसानों को ऐसी कृषि मशीनरी के साथ जोड़ रही है, जिसमें ज्यादा खर्च करने की जरूरत नहीं और अवशेष मिट्टी में ही मिलकर जमीन में पोटाश और नाइट्रोजन की मात्रा को संतुलित बना देते हैं।

## किसान फसल अवशेषों में आग न लगाकर उनका सही तरीके से करें प्रबंधन : अनीश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने बताया कि जिला की मंडियों में गेंहू की आवक शुरू हो चुकी है। मंडियों में गेहूं की आवक के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए थे। गत दिवस तक जिले में करीब 6 लाख 53 हजार 486 मीट्रिक टन गेंहू की आवक विभिन्न परचेज सेंटरों व मंडियों में हुई जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। मंडियों से गेहूं उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा गेंहू की खरीद का कार्य 1 अप्रैल से शुरू किया गया। गत दिवस तक जिला में करीब 6 लाख 53 हजार 486 मीट्रिक टन गेंहू मंडियों में आवक हुई जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 2 लाख 80 हजार 124 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 3 लाख 36 हजार 903 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कापोरेशन द्वारा 36 हजार 459 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जो भी किसान मंडी में आए, वह अपने क्रमानुसार ही आएं ताकि समय पर उनकी फसल की खरीद हो सके। उन्होंने कहा कि किसान खेतों में फानों में आग न लगाएं। इससे जहां प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है, वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति भी कम होती है। इसलिए किसानों को चाहिए कि वे फसल अवशेषों में आग न लगाकर उनका सही तरीके से प्रबंधन करें।

## प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण तकनीक अधिनियम को लेकर हुई बैठक



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सिविल** सर्जन करनाल डॉ.योगेश शर्मा ने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या को रोकने और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को बढावा देने के उद्देश्य से वीरवार को प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण तकनीक अधिनियम के तहत जिला एडवाइजर कमेटी तथा जिला समुचित प्राधिकारी की बैठक का आयोजन किया गया। कमेटी के सभी सदस्यों की उपस्थिति में जिला करनाल में दो नए केन्द्रों का पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन किया गया तथा पहले से चल रहे तीन केन्द्रों का नवीनीकरण किया गया। इसके अतिरिक्त पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के अन्तर्गत मौजूद कई अन्य मुद्दों जैसे कि कुछ केन्द्रों को पीएनडीटी एक्ट के अन्तर्गत दिए गए कारण बताओ नोटिस पर भी निर्णय लिया गया। इस अवसर पर डिप्टी सीएमो एवं पीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. शीनू चौधरी, जिला न्यायवादी डॉ. पंकज सैनी, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी राजबाला, डॉ. महक, डॉ. निधि, मोनिका गर्ग तथा गौतम जैन उपस्थित रहे।


## 'स्वच्छता ही मलेरिया को समाप्त करने का माध्यम'




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एडीसी** डॉ. वैशाली शर्मा ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में मलेरिया की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मलेरिया के प्रभाव को कम करने और आमजन की जिंदगी को मलेरिया से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं तथा लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करें।

एडीसी ने कहा कि मलेरिया एक घातक बीमारी है, यह गंदगी और कई दिनों तक इके हुए पानी में मच्छरों से फैलती है। यदि सभी लोग अपने आसपास सफाई रखेंगे तो मलेरिया के पनपने के कम अवसर होंगे। एडीसी ने जिले के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मलेरिया से आमजन को बचाने के लिए अपने कार्यालयों में भी साफ-सफाई सुनिश्चित करें, कूलरों में लारवा न पनपने दें तथा मलेरिया की रोकथाम के लिए प्रत्येक कार्यालय में नोडल अधिकारी की नियुक्ति करें। मलेरिया पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करें, कहीं पर भी पानी न खड़ा हो। पानी से भरे गड्ढे, तालाबों में काला तेल डलवाएं ताकि इनमें मच्छर न पनप सकें, गली नालियों की सफाई करवाएं, सोते समय मच्छरदारी का प्रयोग करें। उन्होंने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी के प्रतिनिधि को निर्देश दिए कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में जहां अधिक गंदगी है वहां सफाई करवाना सुनिश्चित करें, बच्चों को मलेरिया से बचाने के लिए स्कूलों व आंगनवाड़ी पर फोकस करें तथा जहां मच्छर अधिक हों वहां फोगिंग अवश्य कराएं। उन्होंने तालाबों में लारवा को खत्म करने वाली गम्बूजिया मछलियां डालने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां पाईप की लीकेज हो, उसकी मरम्मत करवाना तथा साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करें।

## मोटरसाइकिल चोर काबू, दो मोटरसाइकिलें बरामद



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** पुलिस की टीम एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से दो मोटरसाईकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस टीम द्वारा गत दिवस आरोपी सूरज पुत्र चरण सिंह वासी नीलोखेडी जिला करनाल को चोरी की एक मोटरसाईकिल सहित विश्वसनीय सूचना पर निलोखेडी के एरिया से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि उसने नवम्बर 2022 में एक मोटरसाईकिल थाना सदर के एरिया बलडी बाईपास के पास से व दूसरी मोटरसाईकिल मार्च 2023 में थाना सेक्टर 32-33 के एरिया अटल पार्क के पास से चोरी की थी।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी एक आवारा किस्म का व्यक्ति है और नशा करने का आदी है। आरोपी नशा पूर्ति व अपने शौक पूरे करने के लिए मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी के कब्जे से दूसरी मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। आरोपी बिना अधिकृत पार्किंग के खड़ी मोटरसाईकिलों में डुप्लीकेट चाबी लगाकर या लॉक खुली मोटरसाईकिल को डायरेक्ट करके चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## वीरवार को करनाल में मिले कोरोना के 52 नये केस : डॉ. योगेश कुमार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सिविल** सर्जन डॉ.योगेश कुमार ने बताया कि वीरवार को जिला में कोरोना के 52 नये पॉजिटिव केस मिले हैं, जबकि 49 व्यक्ति ठीक हुए है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 1084647 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 347 सैंपल लिए गए। लिये गए कुल सैंपलों में से अब तक 50374 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 49553 मरीज ठीक हो गए हैं। जिला में अब कोरोना वायरस के 215 एक्टिव पॉजिटिव केस हैं।

## भावान्तर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना का किसान उठाएं लाभ : अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**किसानों की** आय को दोगुना करने व फसल विविधिकरण के तहत लगाई गई बागवानी फसलों में होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भावन्तर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से बागवानी खेती करने वाले किसान फसल की खेती के दौरान व उसके उत्पादन के बाद होने वाले जोखिमों को कम कर सकते हैं।

अनीश यादव ने बताया कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई भावांतर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना बागवानी किसानों के लिए एक अभूतपूर्व योजना है। यह योजना किसानों को सब्जियों व फलों के भाव से जोखिम मुक्त कर उन्हें फसल का उचित दाम दिलाने में कारगर साबित हो रही है।

उन्होंने बताया कि कई बार यह देखने में आया है कि किसान जब अपनी बागवानी की फसल मंडी में बेचने जाता है तो उसको फसल का सही दाम नहीं मिल पाता, जिससे किसान हतोत्साहित होकर फिर से पारंपरिक खेती करने का विचार करता है। ऐसे किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार फसल में लगने वाले घाटे (नुकसान) को कम करने के लिए भावांतर भरपाई योजना के अंतर्गत मुआवजा व मूल्य के रूप में प्रोत्साहन धनराशि प्रदान करेगी।

> 8 भावांतर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना बागवानी किसानों के लिए एक अभूतपूर्व योजना है

जिला बागवानी अधिकारी डॉ. मदन ने बताया कि इस योजना के तहत निम्नलिखित फसलों आलू, फूल गोभी, गाजर, मटर, टमाटर, प्याज, शिमला मिर्च, बैंगन भिंडी मिर्च, करेला, बंदगोभी, मूली, किन्नू, अमरूद, चीकू, आडू, आलू बुखारा, आम, नाशपाती, लीची, आंवला, बेर, लहसुन व हल्दी आदि को सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त सभी फसलों के संरक्षित मूल्य सरकार द्वारा पहले से निर्धारित किए गए है। इस योजना के तहत सरकार द्वारा निर्धारित संरक्षित मूल्यों से कम बिक्री होने पर जो नुकसान होगा उसकी भरपाई प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को की जाएगी।

## योग में हर समस्या का समाधान में निहित : दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत द्वारा के अंतर्गत फव्वारा पार्क योग कक्षा में पिछले 16 वर्षों से मिशन के संस्थापक योग गुरु दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में प्रतिदिन योग करवाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि योग में हर समस्या का समाधान में निहित है। यह एक अनुशासन है, जो जीवन में स्थिरता और मन की शांति के लिए लाभकारी है। योग समग्र व्यक्तित्व में सुधार करता है चाहे वह शारीरिक, मानसिक, वैचारिक और आध्यात्मिक रूप से हो। योग व्यक्ति को पूरे दिन फिट, सक्रिय और सकारात्मक रखने का एक सफल तरीका है ।

दिनेश गुलाटी ने कहा कि योगाभ्यास से व्यक्ति का आहार, विहार और जीवन शैली अत्यधिक सात्विक हो जाती है। राजसिक और तामसिक जीवन शैली के कारण जो भी विकृत्तियां उत्पन्न होती हैं, योग उसे दूर करके उसके स्थान पर सादगी और सात्विकता देता है। उन्होंने कक्षा में योग साधकों को शरीर का वजन कम करने के लिए आसन करवाएं, जिसमें विशेष रूप से पादहस्तासन, त्रिकोणासन, कोणासन वृक्षासन, हनुमानासन, अधोमुख स्वान आसन, उत्कट आसन आदि का अभ्यास करवाया।

योग शिक्षिका निधि गुप्ता और एनफ चौधरी ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। कक्षा में योग साधकों में रामा चटानी, बब्बल नरवाल, परवीन, कुलदीप, मीनू सुखीजा, विशाखा, शैलजा, रिंकी, पूजा, निर्मला, वीना गेरा, बबीता, नीलम शर्मा, रजनी, शिखा, सिया, दीपिका, रुचि, श्वेता, शिखा, सुरिंदर भूटानी, राहुल गेरा, अनुज जैन, विकास और सुरेश मौजूद रहे।

## गांव डेरा दरड़ में अज्ञात चोरों ने घर को बनाया निशाना

### 70 हजार नकदी व सोने के आभूषण चोरी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले** के गांव डेरा दरड़ में चोरी की वारदात सामने आई। यहां अज्ञात चोर घर से सोने-चांदी के आभूषणों व हजारों की नकदी पर हाथ साफ कर गए। पीडित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डेरा दरड़ निवासी सुखविन्द्र कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह करीब नौ दिन से अपने मायके बलेहडा गांव में गई हुई थी। वह कल शाम करीब 6 बजे अपने घर आई थी। यहां घर के अंदर सामान बिखरा देख उसके होश उड़ गए। चोर मकान की खिडकी तोडकर अलमारी से 70 हजार रुपए कैश व 2 तोले सोने के आभूषण चोरी करके ले गए। घर में हुई चोरी के बाद महिला के होश उड़ गए। उसे समझ ही नहीं आ रहा था कि वह क्या करे। चोरी की घटना के बाद महिला रोने लगी, जिसे सुन आस-पडोस के लोग इकट्ठे हो गए और उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस के साथ एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। जांच अधिकारी नरेश कुमार ने बताया महिला ने अलमारी में 70 हजार रुपए कैश किसी काम के लिए रखा हुआ था।

## डॉ पंकज जैन ने निलोठी गांव में चलाया जनसंपर्क अभियान

### भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने ग्राम वासियों को दी बीजेपी सरकार की नीतियों की जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
**हरियाणा व** केंद्र की बीजेपी सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। यह बात भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने हलके के गांव निलोठी में जनसंपर्क अभियान चलाते हुए ग्राम वासियों को मनोहर व मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों की जानकारी देते हुए कही। निलोठी गांव पहुंचे भाजपा नेता डॉ पंकज जैन का ग्राम वासियों ने जोरदार स्वागत किया। ग्राम वासियों से संवाद करते हुए डॉ पंकज जैन ने कहा कि हरियाणा में मनोहर सरकार कल्याणकारी नीतियों के माध्यम से प्रदेश के सभी वर्गों की भलाई करने का काम धरातल पर कर रही है। 36 बिरादरी बीजेपी सरकार की नीतियों से खुश है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के कुशल मार्गदर्शन में सरकार सत्ता को सेवा मानकर सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने का काम पूरी ईमानदारी से कर रही है। डॉ पंकज जैन ने कहा कि मनोहर सरकार द्वारा किसान, व्यापारी, कर्मचारी,युवा, छोटे दुकानदार,गृहणी सहित आम वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर लाभकारी योजनाएं बनाकर उन्हें धरातल पर लागू करने का काम किया जा रहा है जिसके कारण 2024 को होने वाले हरियाणा विधानसभा में जनता तीसरी बार भाजपा को पूर्ण बहुमत देने का मन बना चुकी है। डॉ पंकज जैन ने ग्रामीणों को बताया कि वहीं केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारत शिक्षा, चिकित्सा, ज्ञान, विज्ञान, खेल सहित सभी क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारत की छवि एक सर्व संपन्न शक्तिशाली देश के रूप में बनी है इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। मोदी सरकार के राज में देश के हित पूर्ण रूप से सुरक्षित है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

# धूमधाम से मनाया गया मंडल अध्यक्ष कृष्ण यादव का जन्मदिन










**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले हैदरपुर इलाके में वार्ड नम्बर-55 के भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण यादव का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। आपको बतादें कि सुबह से ही कृष्ण यादव को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। शाम को कृष्ण यादव के जन्मदिन पर एक भव्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों ने कृष्ण यादव को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना की।इस मौके पर जिला केशवपुरम भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, निगम पार्षद अमित नागपाल, पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, जिला महामंत्री मंजीत सिंह, मंडल महामंत्री वीरेन्द्र सिंह पिन्टू, राजेश गुप्ता, पिंकी ठाकुर, भोपाल मोर, बंजरग साहनी, विमलेश झा, अमिता झा, सागर, पंकज यादव, राजकुमार व परिवार के लोगों सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया ने कृष्ण यादव को जन्मदिन की बधाई दी और उनके स्वस्थ्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने कहा कि मंडल अध्यक्ष कृष्ण यादव बड़े ही अच्छे व्यक्ति है और सभी के सुख-दुख में साथ रहते है, यही कारण है कि आज बहुताय की संख्या में लोग कृष्ण यादव को जन्मदिन की बधाई देने के लिए मौजूद है। श्री ठाकुर ने कहा कि मैं कृष्ण यादव को जन्मदिन की ढ़ेरो शुभकामनाएं देता हूं और उनकी दीघार्यु की प्रभु से कामना करता हूं। इस अवसर पर कई लोगों ने गाना गाया व भजन भी सुनाये। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कृष्ण यादव ने कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया।



सत्यवती नगर आरडब्लूए तथा निगम कर्मचारियों के संग क्षेत्र का दौरा करते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

## खबर का हुआ तत्काल असर, बरवाला गाँव में पेयजल आपूर्ति हुई पुनः बहाल: दयानंद वत्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बरवाला** गांव में गंदा पानी आने से परेशान हैं ग्रामीण शीर्षक से 19 अप्रैल के एक्शन इंडिया में प्रमुखता से प्रकाशित समाचार के बाद गाँव बरवाला में आज स्वच्छ पेयजल की जलापूर्ति पुनः बहाल हो गई है।
दिल्ली जल बोर्ड के सहायक अभियंता ने स्वयं आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष दयानंद वत्स को फोन करके बताया कि लाईन में मरम्मत कार्य के चलते जलापूर्ति बाधित हो गई थी। अब स्थिति सामान्य हो गई है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष दयानंद वत्स ने कहा कि एक्शन इंडिया समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित होते ही अधिकारी हरकत में आए हैं और अब गाँव में साफ पेयजल की आपूर्ति बहाल हो गई है। एक्शन इंडिया समाचार पत्र का आभार जताते हुए दयानंद वत्स ने कहा कि समाचार छपते ही फटाफट एक्शन हो गया। इसके लिए बरवाला गाँव के हजारों परिवार एक्शन इंडिया और दिल्ली जल बोर्ड के सहायक अभियंता का धन्यवाद करते हैं।



शकूरबस्ती विधानसभा क्षेत्र में लोगों से सरल ऐप डाउनलोड़ करवाते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, निगम पार्षद शिखा भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष नीरज गर्ग, राकेश बंटी व अन्य।

# धूमधाम से मनाया गया बहावलपुर दिवस एवं बैसाखी महोत्सव , पहुंचे कई गणमान्य









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बहावलपुर** बिरादरी अपनी संस्कृति, सभ्यता, पहचान व एकता बनाये रखने के लिए जानी जाती है। बहावलपुर दिवस एवं बैसाखी पूरे धूमधाम से देशभर में मनाया गया। इसी क्रम में महाराष्ट्र के धुलिया शहर में रैली निकाली गई व एक सप्ताह तक बच्चों, नवयुवकों, महिलाओं, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य निरीक्षण का विशेष तौर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। लोगों का उत्साह देखते ही बनता था।लोगों ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत किया और लोगों का अभिनंदन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश पूजा, अराधना व सरस्वती पूजन, संगीत पूजा गान के विधिपूर्वक समारोह का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी ललित अरुजा ने की। वहीं विशेष निमंत्रण पर पंजाबी कॉलोनी, नरेला के आरडब्ल्यूए के प्रधान नौतन दास अरोड़ा इस समारोह के मुख्य विशेष अतिथि रहे। इस मौके पर एनडी अरोड़ा का शॉल व स्मृति चित्र प्रदान कर बहावलपुर पंचायत के अध्यक्ष मनीष वधवा ने सम्मान किया। आपको बता दें कि कई दशकों से धूमधाम से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के आखिरी रात्रि में बहावलपुरी बिरादरी की महिलाओं और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सर्वधर्म धार्मिक, सामाजिक बुराइयां निवारण, 1947 में भारत विभाजन पर गदर व अन्य नृत्य सांस्कृतिक झांकियों से मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया गया। जो दिल को छूने वाली थी और लोगो ने आनंद अनुभव किया। इस मौके पर समाजसेवी सुशील पोपली, ललित तनेजा, नगर सेवक हर्ष रहलन, सुनील, राकेश कुलेवार, उदय तनेजा की गरिमामय उपस्थिति रही।

# 'स्कूलों के सुधार के लिए बजट में आवंटित किए गए 1700 करोड़'

**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**केजरीवाल** सरकार ने एमसीडी के स्कूलों के लिए ग्रांट इन ऐड के तहत इस साल 1700 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इसके तहत पहली तिमाही के लिए आज 400 करोड़ रुपये जारी किए हैं। मेयर शैली ओबरॉय के साथ प्रेसवार्ता करते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली के बच्चों को अच्छी शिक्षा देना हमारा वादा है,उसे निभाते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में अब एमसीडी के स्कूलों में पढ़ रहे 9 लाख बच्चों को भी शानदार शिक्षा मिलेगी। जिस तरह से दिल्ली सरकार के स्कूलों में बदलाव आए अब वैसे ही बदलाव एमसीडी के



स्कूलों में भी आयेंगे। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने एमसीडी स्कूलों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए जो फंड आवंटित किया है, उससे निगम स्कूलों में सुधार लाने में बड़ी मदद मिलेगी। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी और मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने दिल्ली सचिवालय में आज महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार के लिए शिक्षा हमेशा से पहली प्राथमिकता रही है। आम आदमी पार्टी ने सरकार में आने के बाद से ही बजट का सबसे बड़ा हिस्सा शिक्षा को ही दिया गया है। दिल्ली में ज्यादातर प्राथमिक स्कूल (पांचवी तक के) एमसीडी के अंतर्गत आते हैं। पिछली सरकारों में एमसीडी स्कूलों पर ध्यान नहीं दिया गया। इसका नतीजा रहा कि एमसीडी के स्कूलों से जो बच्चे दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षा 6 में आते हैं, उनमें से बहुत से बच्चों को पढ़ना-लिखना भी नहीं आता है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली के हर बच्चे को शानदार शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है।



जहांगीरपुरी वार्ड की निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए साथ में है कई गणमान्य लोग।

# बादली गांवः शिक्षा का हमारे जीवन में है विशेष महत्वः इन्दर सिंह बादली









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके बादली गांव में बड़ी ही धूमधाम से संविधान निर्माता और भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर इन्दर सिंह बादली ने जानकारी देते हुए बताया कि शोभा यात्रा की शुरूआत बादली गांव के तिकोना पार्क से हुई यह शोभा यात्रा क्षेत्र के कई इलाको से होते हुए वापस तिकोना पार्क पर आकर संपन्न हुई। ढ़ोल-नगाड़ो व बैंड-बाजों के साथ और विशाल जनसमूह के साथ यह यात्रा निकाली गई। जगह-जगह इस शोभा यात्रा का स्वागत किया गया और लोगों ने फूलों की वर्षा भी की। इन्दर सिंह बादली ने बताया कि शाम को बादली के तिकोना पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। श्री नम्बरदार ने बताया कि कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का सम्मान किया गया। इस मौके पर राजेन्द्र यादव प्रधान जी, सुरेन्द्र यादव, सुरेश यादव प्रधान जी, राजेश यादव, कुलदीप यादव नम्बरदार, राकेश जेलदार, सुरेन्द्र पाल साधू, विजेन्द्र यादव, सतीश सैन, सीएम गौतम, मामचंद यादव, धर्मवीर यादव, सुरेश वशिष्ठ, सूरज यादव, अमित चौहान, दीपक ठाकुर, इन्दर सिंह बादली, चौधरी अजय पाल, हजारी लाल, डालचंद, ईश्वर, राजकुमार, रवि, आशाराम, पदमचंद, पंकज यादव, साहिल वासन, अमित यादव, ईश्वर नेताजी, ब्रह्मप्रकाश सहित सैकेड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। इन्दर सिंह बादली ने कहा कि सभी को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए।

# ग्रीवेंस कमेटी के औचित्य पर विज ने उठाए सवाल

## विज द्वारा सस्पेंड किए दो अधिकारियों पर नहीं हुई कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**

**प्रदेश के** गृहमंत्री अनिल विज ने ग्रीवेंसिस कमेटी पर सवाल उठाते हुए हरियाणा सरकार को पत्र लिखकर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि ग्रीवेंस कमेटी में लिए गए फैसलों पर यदि कोई कार्रवाई नहीं होती है तो ऐसी मीटिंगों का कोई औचित्य नहीं है। सूत्रों अनुसार गृह मंत्री विज की नाराजगी की वजह हिसार में तीन महीने पहले हुई ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में 2 अधिकारियों के निलंबन पर अभी तक कार्रवाई नहीं होना बताई जा रही है। विज ने यह भी एलान किया है कि अब वह जिलों में होने वाली ग्रीवेंस कमेटी की किसी



भी मीटिंग में हिस्सा नहीं लेंगे। करीब तीन महीने पहले हिसार की ग्रीवेंस कमेटी में मंत्री अनिल विज ने हिस्सा लिया था। इस दौरान उन्होंने शिकायत पर हांसी के नायब तहसीलदार जयवीर और हिसार के सहायक

**8 नाराजगी की वजह ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में 2 अधिकारियों के निलंबन पर अभी तक कार्रवाई नहीं होना बताई जा रही**

निबंधक (सहकारी समितियां) संदीप को निलंबित कर दिया था, लेकिन आज तक संबंधित अधिकारियों के द्वारा इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

मुख्यालय से हुई चूक-इस मीटिंग में गृह मंत्री के आदेश के बाद 16 जनवरी को जिला प्रशासन ने दोनों अधिकारियों के निलंबन की अनुशंसा की थी, लेकिन अभी तक मुख्यालय ने दोषी अधिकारियों के निलंबन के आदेश जारी नहीं किए हैं। मुख्यालय की इस चूक को लेकर ही गृह मंत्री विज की नाराजगी बढ़ी है। विज ने लिखा पत्र- अनिल विज द्वारा सरकार को लिखी गई चिट्ठी में लिखा है कि 13 जनवरी को जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक में उन्होंने हिस्सा लिया था। इस दौरान उन्होंने दो अधिकारियों के निलंबन के आदेश जारी किए थे, लेकिन अभी तक कोई भी इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई है।

यदि शिकायत निवारण मीटिंग में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो मेरा ऐसी बैठकों में शामिल होने का कोई औचित्य नहीं है।

# सांसद ने शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन को सोनीपत ठहराव के बाद झंडी दिखाकर किया रवाना

## सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि अच्छी रेल सुविधाएं प्रदान करना उनका सदा ही लक्ष्य



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सुपरफास्ट ट्रेन शताब्दी एक्सप्रेस के सोनीपत रेलवे स्टेशन पर ठहराव संबंधी सोनीपतवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए सांसद रमेश कौशिक ने नई दिल्ली कालका शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन को सोनीपत ठहराव के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि सोनीपत वासियों की काफी समय से नई दिल्ली कालका शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन का सोनीपत में ठहराव की मांग थी, जिसे आज पूरा किया गया है। इस दौरान उन्होंने दिल्ली कालका शताब्दी के सोनीपत ठहराव के लिए रेल मंत्री का भी धन्यवाद किया। सांसद रमेश कौशिक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आम जनमानस को अच्छी रेल सुविधाएं प्रदान करना उनका सदा ही लक्ष्य रहा है। उन्होंने कहा कि उनके समय में रेल सुविधाओं में लगातार वृद्धि की गई है। सोनीपत से जींद रेल लाइन भी इसमें शामिल है। उन्होंने कहा कि अब सोनीपत रेलवे स्टेशन को लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक बनाया जाएगा, जिससे रेलयात्रियों को अच्छी सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वे प्रयास कर रेल यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाएंगे और उनकी मांगे भी नियमित रूप से पूरी करवायेंगे।

सांसद ने कहा कि नई दिल्ली कालका शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन का छह माह के लिए प्रायोगिक आधार पर सोनीपत स्टेशन पर ठहराव देने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली-कालका शताब्दी एक्सप्रेस गाडी नम्बर 12011 सोनीपत स्टेशन पर सुबह 08.20 बजे पर पहुंचेगी वापसी के दौरान कालका-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस गाडी नम्बर 12012 रात 08.52 बजे सोनीपत स्टेशन पर रुकेगी। उन्होंने बताया कि दोनों दिशाओं में स्टेशन पर गाडी का ठहराव दो-दो मिनट के लिए होगा। उन्होंने रेलयात्रियों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी ट्रेन में यदि यात्रा करते हैं तो उस ट्रेन का टीकट अवश्य लें।

# आदित्य देवीलाल ने कुरुक्षेत्र की मंडियों का किया दौरा



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**हरियाणा** राज्य कृषि विपणन मंडल चेयरमैन आदित्य देवीलाल पिपली अनाज मंडी पहुंचे जहां आढ़तियों, व्यापारियों, मजदूरो, किसानों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर आदित्य देवीलाल, भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. पवन सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान, पूर्व भाजपा प्रत्याशी एवं वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रूबल शर्मा द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित किया। हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड चेयरमैन आदित्य देवीलाल ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि नियुक्ति के बाद से ही वे पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर मंडियों में जाकर गेंहू खरीद, उठान और व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज कुरुक्षेत्र जिले में नो जगहों पर उनके कार्यक्रम हैं। आदित्य देवीलाल ने पिपली मंडी के आढ़तियों, व्यापारियों किसानों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को मौके पर समाधान के निर्देश दिए। चेयरमैन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की नियत और नीति में कोई अंतर नही सरकार किसान, मजदूर और व्यापारी, आढ़ती के संबंध को और मजबूत बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि विपक्ष किसानों को गुमराह करता है जबकि सीएम मनोहर लाल और सरकार अपना काम ईमानदारी से कर रही है। इस मौके पर आढ़ती एसोसिएशन पिपली मंडी ने चेयरमैन आदित्य देवीलाल,

**'पिपली मंडी की हर समस्या का होगा समाधान'**

नव नियुक्त मार्किटिंग एवं मंडी बोर्ड प्रधान ने आढ़तियों, किसानों की जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं देवीलाल का वंशज हूं किसान का दर्द जानता हूं। उन्होंने कहा कि पिपली मंडी एशिया की सबसे बड़ी मंडी होने के साथ साथ 12 महीने चलने वाली मंडी है, यहां की सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करेंगे।

**आदित्य देवीलाल को जिम्मेदारी देकर सरकार ने बढाया कमेरे, किसान का मान: भाजपा** युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रूबल शर्मा ने कहा कि जन नायक चौधरी देवीलाल के पौत्र आदित्य देवीलाल को अहम जिम्मेदारी देकर सीएम मनोहर लाल ने किसान, कमेरे वर्ग का मान बढ़ाया है।

लाडवा पूर्व विधायक और पिपली मंडी पूर्व प्रधान डॉ. पवन सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता एवम पूर्व पिपली मंडी प्रधान जय भगवान शर्मा डीडी, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान, भाजपा महामंत्री डॉ. पवन सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने आढ़ती व्यापारियों, किसानों को संबोधित किया और नव नियुक्त चेयरमैन आदित्य देवीलाल का गर्मजोशी से स्वागत किया।

# लिटल एंजल्स स्कूल, के लॉन टेनिस खिलाड़ियों ने अंडर-18 चैंपियनशिप में जीते पदक

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/रमेश कुमार**

**10 अप्रैल 2023** से 16 अप्रैल तक जींद में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप सीरीज अंडर-18 के युगल मुकाबले के फाइनल मैच में पुष्कर ने अतुल के साथ खेलते हुए हरियाणा की टीम को 6-2, 6-2 के स्कोर से हराकर टाइटल पर कब्जा किया। हरियाणा की टीम से लिटल एंजल्स के तनिष्क और यश डबास ने हरियाणा की प्रतिनिधित्व करते हुए दूसरा



स्थान प्राप्त किया। लिटल एंजल्स के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में एक स्वर्ण व दो सिल्वर पदक जीते। देशभर से लगभग 115 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने इस जीत का श्रेय विद्यालय प्रशासन को दिया। खिलाड़ियों ने बताया कि आधुनिक खेल सुविधा के कारण ही हमारी टीम दोहरी जीत हासिल कर सकी है। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल व उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने विजयी खिलाड़ियों का विद्यालय पहुंचने पर फूल मालाओं से उनका स्वागत किया और विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग व सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनको भविष्य में भी बेहतर खेल प्रर्दशन के लिए प्रेरित किया।

# जीवन की सही दिशा दिखाती है श्रीमद् भागवत कथा-अरोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**श्रीमद् भागवत** कथा प्रत्येक श्लोक मनन करते हुए उनका सार जीवन में उतारने का काम हम सभी को करना चाहिए,क्योंकि श्रीमद् भागवत कथा जीने की सही राह दिखाता है। महावीर कॉलोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में भाजपा ज़िला महामंत्री योगेशपाल अरोड़ा ने कहा की हमारा क्षेत्र एक धार्मिक क्षेत्र है जहाँ धर्म और अधर्म की लड़ाई लड़ी गई। इसलिए धार्मिक आयोजनों का लगातार होना यहाँ की परंपरा है। इस अवसर पर योगेशपाल अरोड़ा ने भागवत जी और व्यास



पीठासीन स्वामी दयानंद सरस्वती का आशीर्वाद लिया और संपूर्ण जगत के लिए मंगलकामनाएँ की। इस अवसर पर अरोड़ा ने संत समाज का धन्यवाद किया और कहा की संत समाज के कारण ही आज सनातन का प्रचार और प्रसार बढ़ रहा है।

इस अवसर पर सुभाष चावला,यशपाल मदान,कृष्ण झाँब,ललित,संजय डेंबला,ओमप्रकाश अरोड़ा,महेश आदि गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

# तेल डलवाने आए से शिव प्रताप नगर के प्रवीन पर किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** महेश नगर के पास टांगरी के नजदीक पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने आये युवक पर कुछ अन्य युवकों ने हमला कर दिया। हमलावरों में एक महिला भी शामिल थी। घायल की शिकायत पर पुलिस ने महिला समेत 5 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। शिव प्रताप नगर निवासी प्रवीण कुमार ने बताया कि वह दूध की डायरी का काम करता है। 16 अप्रैल की शाम साढ़े 5 बजे वह अपनी एक्टिवा में तेल डलवाने के लिए गया था। जैसे ही पेट्रोल पंप से बाहर निकाल तो स्विफ्ट गाड़ी में आए बदमाशों ने हमला बोल दिया।

## न्यूज फ्लैश

### जिले में गुरूवार को मिले कोरोना से संक्रमित 34 पोजिटिव केस-उपायुक्त सिवाच

**सोनीपतः उपायुक्त ललित** सिवाच ने बताया कि गुरूवार को जिला में कोरोना से संक्रमित 34 नए पोजिटिव केस मिले हैं और 20 मरीज को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60188 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 799 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब 102 कोरोना एक्टिव केस है। जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपना टीकाकरण जरूर करवाए व पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निदेर्शों की पालना अवश्य करे।

### दुकान से चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**जिला पुलिस** कुरुक्षेत्र ने दुकान से नकदी व मोबाइल चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 ने दुकान से नकदी व मोबाइल चोरी करने के आरोपी हिमांशु पुत्र नरेश कुमार व कृष्ण लाल पुत्र रामेश्वर वासीयान शाहाबाद को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि बाबैन पुलिस को दी अपनी शिकायत में शाकिर अली पुत्र साबिर अली वासी संगौर जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसकी खान कम्युनिकेशन के नाम से गांव संगौर दुकान है। वह अपनी दुकान को हर रोज सुबह 7 बजे से शाम 8 बजे तक खोलता है। दिनांक 15 अप्रैल 2023 को सुबह वह अपनी दुकान खोलने लगा तो उसने देखा कि शटर की पतियाँ टूटी हुई हैं। उसने दुकान के अन्दर जाकर देखा तो दुकान से 9 हजार रुपए नगदी, मार्ट टैब तथा रिपेयर के लिए आये 20 पुराने फोन गायब थे। जिनको कोई नामपता नामालूम चोर चोरी करके ले गया है। जिसकी शक्यत पर थाना बाबैन में मामला दर्ज करके उप निरीक्षक जसविन्द्र सिंह को सौंपी गई। बाद में मामले की जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को दी गई। दिनांक 19 अप्रैल 2023 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक मलकीत सिंह के मार्ग-निर्देश में हवलदार प्रवीन कुमार, भजन सिंह, संदीप कुमार, पवन कुमार व सिपाही सतबीर सिंह की टीम ने दुकान से नकदी व मोबाईल चोरी करने के आरोपी हिमांशु पुत्र नरेश कुमार व कृष्ण लाल पुत्र रामेश्वर वासीयान शाहबाद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी हिमांशु से वारदात में प्रयोग मोटरसाईकिल, वारदात में प्रयोग रॉड व चोरी किये गये 03 मोबाईल फोन बरामद किये गये। आरोपी कृष्ण लाल से चोरी किये 5 मोबाइल फोन बरामद किये गये। आरोपी आरोपियों को माननीय अदालत में पेश किया गया।

### साइबर ठगों ने सलेमपुर के सतवंत से ठगे 4.40 लाख

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**कनाडा** में सेटल भांजा बनकर साइबर ठग ने अंबाला के एक दंपत्ति से 17.20 लाख रुपए ठग लिये। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। पीड़ित युवक का कहना है कि 12 अप्रैल को उसका मोबाइल घर पर था, इसी बीच उसके मोबाइल पर विदेशी नंबर से काल आयी और उसकी पत्नी से जब फोन उठाया तो फोन करने वाले ने खुद को कनाडा से उसका भांजा प्रीत बताया, जिस पर उसकी पत्नी ने विश्वास कर लिया। शातिर ठग ने कहा कि वह भारत आकर शादी करेगा और इसके लिए उनके खाते में 22 लाख रुपए ट्रांसफर कर रहा है। आरोपी ने महिला से पासबुक की फोटो भी मांगी। इसके बाद बोला कि मैंने 22 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए हैं और कहा कि यह बात मेरे परिजनों को मत बताना। ठग ने इसके बाद कॉल कर-के बोला कि उसके खिलाफ पुलिस केस हो गया है। इस केस से निपटने के लिए 7.50 लाख रुपए चाहिए। ठग की बातों पर विश्वास करके पीड़ित ने अपने बैंक खाते से तुरंत साढ़े 7 लाख रुपए ट्रांसफर करा दिए। उसके बाद काफी देर बाद दोबारा फिर कॉल आई और बोला कि 9.70 लाख रुपए की और जरूरत पड़ गई है। पीड़ित ने यह रकम भी ट्रांसफर करा दी। जब शिकायतकर्ता ने बैंक से विदेश से आने वाली पेमेंट के बारे में पता किया तो ठगी का एहसास हुआ।

# रोहिंटन बारिया ट्रॉफी 2022-23 का हुआ शुभारम्भ

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि खेलों के क्षेत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का गौरवमयी स्वर्णिम इतिहास रहा है। हाल ही में प्रसिद्ध माका ट्रॉफी में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान तथा खेलो इंडिया में सातवां स्थान प्राप्त कर खेलों के क्षेत्र में अपनी विशिष्टता का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं खेल के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अग्रणी रहा है। अभी हाल ही में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने बैंगलोर में आयोजित राष्ट्रीय सांस्कृतिक



उत्सव कार्यक्रम में 18 विधाओं में भाग लेकर 16 विधाएं जीतकर इतिहास रचा। प्रो. सोमनाथ सचदेवा गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खेल मैदान में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत केयू स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता 2022-23 रोहिंटन बारिया ट्रॉफी के शुभारम्भ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने इस प्रतियोगिता में चार जोन से आई कुल 16 टीमों के क्रिकेट खिलाड़ियों, कोच व मैनेजर का स्वागत करते हुए कहा कि यह पहला मौका है कि ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता रोहिंटन बारिया ट्रॉफी 2022-23 में 16 टीमों प्रतिभागिता कर रही है जबकि इससे पहले कुल 8 टीमें ही इसमें भाग लेती थी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में महिला खिलाड़ियों के लिए भी यह प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही जिस प्रकार अंतर्राष्ट्रीय टीम बाहर जाकर खेलती है उसी प्रकार भविष्य में क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी बाहर जाकर खेलेंगे तथा दूसरी टीमें भी यहां पर आएंगी। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचेदवा ने सभी खिलाड़ियों से कुशलता, अच्छी खेल भावना एवं एकाग्रता के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने का आह्वान करते हुए सभी खेल प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

# वार्ड 16 के लोगों की पेयजल आपूर्ति की समस्या होगी दूर



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/ नगर** निगम द्वारा सेक्टर 23 में नव निर्मित बूस्टर से पेयजल आपूर्ति करने का कार्य पूरा कर लिया गया है। वार्ड 16 दहिया कालोनी की गली नंबर 5 के सामने से सेक्टर 23 बूस्टर की पाइपलाइन को जोड़ने का कार्य पूरा हो चुका है। इसके पश्चात वार्ड 16 में लहराडा,कालूपुर, संत कबीर नगर,दहिया कालोनी, गुगा मंदिर के पास के क्षेत्र, वार्ड 17 में वेस्ट राम नगर का क्षेत्र, वार्ड 14 में मोहन नगर के लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिलना शुरू हो जाएगा।

# भुवन गोयल ने राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता में जीता तृतीय पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला** शहर के पोलीटेक्निक कॉलेज के कंप्यूटर इंजीनियरिंग डिप्लोमा द्वितीय वर्ष के छात्र भुवन गोयल ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। "स्टूडेंट डेवलपमेंट अंडर द लीडरशिप ऑफ नरेंद्र मोदी एज चीफ मिनिस्टर ऑफ गुजरात एंड प्राइम मिनिस्टर ऑफ इंडिया" विषय पर यह निबंध लेखन प्रतियोगिता नेशनल सिटीजंस कमेटी द्वारा आयोजित की गई थी। पुरस्कार वितरण समारोह वी के कृष्णा ऑडिटोरियम नई दिल्ली में इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ जूरिस्ट्स द्वारा आयोजित किया गया जिसमे भुवन के साथ उसकी माता पूजा जो कि हारट्रोन अम्बाला शहर में अध्यापिका है। शिक्षक एवम संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ राजीव सपरा भी आमंत्रित थे। इस अवसर पर भुवन को माननीय जस्टिस के जी बालकृष्ण और एम सी भंडारे (पूर्व गवर्नर ओडिसा) के हाथों 15,000/ - रुपए का चेक, सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस तथा ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम में संस्थान के प्रधानाचार्य राजीव सपरा को भी सम्मानित किया गया।

# एसीएस ने किया अनाज मंडियों का औचक निरीक्षण

## एसीएस अंकुर गुप्ता ने किया शहर व छावनी की अनाज मंडियों का औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार) पशुपालन एवं** डेयरी तथा मत्स्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अंकुर गुप्ता ने अम्बाला शहर व छावनी में गेहूं खरीद प्रक्रिया के दृष्टिगत प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अनाज मंडी अम्बाला शहर व नई अनाज मंडी अम्बाला छावनी का निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ मंडलायुक्त रेणू एस फूलिया, उपायुक्त प्रशांत पंवार मौजूद रहे।

अतिरिक्त मुख्य सचिव अंकुर गुप्ता ने निरीक्षण के तहत सबसे पहले अनाज मंडी अम्बाला शहर का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने सम्बन्धित



अधिकारियों से अभी तक मंडी में गेहूं की कितनी आवक हो चुकी है, कितनी खरीदी जा चुकी है और कितनी लिफ्टिंग हो चुकी है उसकी जानकारी हासिल की। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने गेहूं की ढेरी पर जाकर मोसचर मीटर के माध्यम से गेहूं की नमी को भी चैक किया। उन्होंने मंडी में पेयजल, शौचालय के साथ-साथ अन्य सभी व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी हासिल की। अटल रसोई (कंटीन) के माध्यम से किसानों व लेबर को यहां पर भोजन की जो व्यवस्था है उस बारे भी जानकारी हासिल की। आढ़तियों से यहां पर किसी प्रकार की कोई परेशानी तो नहीं है उसके बारे में भी जाना। आढ़तियों ने मंडी में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल रही हैं इस बारे उन्हें अवगत करवाया। इसके उपरांत उन्होंने अम्बाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अम्बाला छावनी नई अनाज मंडी का भी जायजा लिया। यहां पर भी उन्होंने मंडी में जो व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई गई है उसकी जानकारी ली। कितनी गेहूं आ चुकी है, कितनी खरीदी जा चुकी है, कितनी लिफ्टिंग हो चुकी है।

न्यूज फ्लैश

## शादी की सालगिरह के दिन युवक की हत्या

**उज्जैन:** शहर में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी देर रात करीब 1.30 बजे कलालसेरी नमक मंडी में रहने वाले युवक की बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी। गुरुवार को उसकी शादी की सालगिरह है और बुधवार रात में वह दोस्तों के साथ पार्टी मना रहा था। खाराकुआं थाना पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की है। वहीं गुरुवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौपा गया। दोपहर में अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस के अनुसार अभी तक की पूछताछ में परिवार से पता चला है कि अंकुर शर्मा उर्फ अंतू भाया पुत्र गोपाल शर्मा 42 वर्ष निवासी कलालसेरी की आज गुरुवार को शादी की सालगिरह है। रात में उसने पत्नी को विश किया और घर के बाहर घूमने का कहकर निकला। गोपाल शर्मा ने बताया कि अंकुर ने पत्नी को फोन पर कहा था कि खाना लगाकर रखना मैं घर लौट रहा हूं। दोनों साथ मिलकर खाना खाएंगे। लेकिन वह काफी देर तक घर नहीं आया। अंकुर की पत्नी ने शोर सुनकर ससुर को नींद से जगाया तो वह पत्नी के साथ सड़क पर गये और आसपास देखकर वापस घर आये। पांच मिनट बाद वापस उसी जगह गये तो जैन मंदिर के पास अंकुर खून से लथपथ हालत में मिला। पिता उसे अन्य लोगों की मदद से तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद अंकुर को मृत घोषित कर दिया। सीएसपी ओमप्रकाश मिश्रा ने बताया कि अंकुर रात में दोस्तों के साथ पार्टी मना रहा था। मौके से बीयर की बोतलें व खाली डिस्पोजल मिले हैं। अंकुर के पैर में चाकू मारा गया था। अत्यधिक खून बहने से उसकी मृत्यु हुई होगी। अभी तक हत्यारों के नाम सामने नहीं आए हैं जिनकी तलाश में पुलिस टीम जुटी है।

## बाप बेटे सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**कैथल:** कबूतर बाजी के एक मामले में बुधवार को एसपी कार्यालय में पिहोवा के एक आढ़ती की मौत के मामले में उसके पुत्र चीका के 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पिहोवा निवासी सतीश वत्ता की बुधवार को एसपी कार्यालय में जांच के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। संदीप वत्ता पुत्र संदीप वत्ता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि गुहला निवासी हरविंदर सिंह ने 5 लोगों के खिलाफ विदेश भेजने के नाम पर 35 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज करवाया था। उसने उसके पिता सतीश दत्ता पर भी इस मामले में शामिल होने के आरोप लगाए थे। इस मामले में पुलिस दयानंद आढ़ती राज बीर, रामेश्वर दास व दो अन्य लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। हरविन्द्र सिंह, उसका पिता रणधीर सिंह बार-बार उनकी दुकान पर आकर उसके पिताजी को इस मुकदमे में गिरफ्तार करवाने की धमकी देते थे। उसके पिता ने सुरेंद्र सतपाल वह मंडी के अन्य मौजूद व्यक्तियों की मौजूदगी में तसल्ली दी थी कि दयानंद उसकी दुकान का किराएदार है और उसकी दुकान अलग है। वह कोई विदेश भेजने का धंधा नहीं करता। लेकिन हरविंदर वह उसका पिता रणधीर सिंह बार-बार उनकी दुकान पर आकर गाली गलौज करता और उन्हें इस मामले में फंसाने की धमकी देता था। डीएसपी गुहला के कार्यालय में जांच के दौरान भी रणधीर सिंह ने उसके पिता सतीश को धमकी दी थी।

जिस कारण में तनाव में रहने लगे थे। इसी मामले में जांच के लिए उसके पिता को बुधवार को एसपी के सामने बुलाया गया था। एसपी कार्यालय में जाते हुए हरविंदर व रणधीर ने उसके पिता सतीश को धमकी दी थी कि आज गए उसकी गिरफ्तारी करवा कर रहेंगे।

# राम मंदिर में दर्शन देंगे 5 साल के श्रीराम

## धनुष-बाण लिए होगी मूर्ति, इसे मैसूरु के मूर्तिकार अरुण योगीराज तराशेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**अयोध्या** में बन रहे राम मंदिर के लिए भगवान श्रीराम की मूर्ति श्याम शिला (ब्लैक स्टोन) को तराशकर बनाई जाएगी। मूर्ति मैसूरु (कर्नाटक) के प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज बनाएंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य विश्व तीर्थ प्रपन्नाचार्य ने बुधवार को बताया कि ट्रस्ट की दो दिनी बैठक में मूर्ति के स्वरूप को अंतिम रूप दिया गया। प्रपन्नाचार्य ने बताया कि भगवान राम की मूर्ति की संरचना इस तरह होगी जैसे पांच साल के बालक के चेहरे और शरीर की होती है। खड़ी मुद्रा में भगवान के बाएं कंधे पर धनुष होगा। मूर्ति की ऊंचाई करीब 5 फुट होगी प्रपन्नाचार्य ने बताया कि कर्नाटक के करकर और हेगे देवेन कोटे गांवों से अयोध्या लाई गई शिलाओं से मूर्ति को तराशा जाएगा। मूर्तिकार अरुण तय करेंगे कि किस शिला से मूर्ति बनाई जाए।



**पुणे के चित्रकार के चित्र के आधार पर बनेगी मूर्ति:** ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा, संतों, भूवैज्ञानिकों, मूर्तिकारों, हिंदू शास्त्रों के विशेषज्ञों और ट्रस्ट पदाधिकारियों के परामर्श के बाद कृष्ण शिला का चयन किया गया। देश के 5 चित्रकार मूर्तिकारों की कमेटी ने पुणे के प्रसिद्ध चित्रकार वासुदेव कामत के चित्र पर सहमति जताई है। इसी चित्र के आधार पर मूर्ति को आकार दिया जाएगा। पिछले 5 महीनों में कर्नाटक से 5, राजस्थान से 4, ओडिशा से 1, नेपाल से 2 शिलाएं लाई गईं। हालांकि कर्नाटक से लाई गई कृष्ण शिला से राम की मूर्ति बनाने पर सहमति बनी है।

**सुभाष चंद्र बोस, शंकराचार्य की प्रतिमा बना चुके अरुण:** 37 वर्षीय अरुण योगीराज मैसूर महल के कलाकारों के परिवार से आते हैं। वे पांचवीं पीढ़ी के मूर्तिकार हैं। उन्होंने 2008 में मैसूर विश्वविद्यालय से एमबीए किया, फिर एक निजी कंपनी के लिए काम किया। फिर इस पेशे में आए। हालांकि मूर्तियां बनाने की तरफ उनका झुकाव बचपन से था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनके काम की तारीफ कर चुके हैं। उनकी बनाई सुभाष चंद्र बोस की 28 फुट ऊंची प्रतिमा दिल्ली में, आदि शंकराचार्य की 12 फुट ऊंची प्रतिमा केदारनाथ में और महाराजा जयचामराजेंद्र वाडियार की 14.5 फुट की प्रतिमा मैसूर में स्थापित है।

### अंतिम रूप दिया गया

■ आदि शंकराचार्य की 12 फुट ऊंची प्रतिमा केदारनाथ में और महाराजा जयचामराजेंद्र वाडियार की 14.5 फुट की प्रतिमा मैसूर में स्थापित है

# आपदा से निपटने के लिए हुआ मॉक ड्रिल



**टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर**

चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी आपदा से निपटने और इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम (आईआरएस) को सक्रिय करने और सिस्टम में पूर्व निर्धारित दायित्वों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने गुरुवार को जिला मुख्यालय गोपेश्वर सहित गौचर, चमोली व तपोवन में आपदा की विभिन्न घटनाओं को लेकर मॉक अभ्यास किया। आपदा कन्ट्रोल रूम से बाजपुर चमोली में सड़क अवरुद्ध होने, गोपेश्वर स्थित होटल में अग्नि दुर्घटना होने तथा जीआईसी तपोवन में भूकंप और चटवापीपल गौचर के निकट सड़क दुर्घटना की सूचना प्रसारित की गई। सूचना मिलने पर आईआरएस से जुडे. अधिकारी तत्काल आपदा नियंत्रण केन्द्र पहुंचे। आपदा कन्ट्रोल रूम से वारलेस के माध्यम से स्टेजिंग एरिया में अधिकारियों को अलर्ट करते हुए स्टेजिंग एरिया मैनेजर को आवश्यक सामग्री के साथ रेस्क्यू टीमें तैयार रखने के निर्देश दिए गए। स्टेजिंग एरिया में आईटीबीपी, एसडीआरएफ, एसएसबी, पुलिस, फायर ब्रिगेड, रेडक्रास, पीआरडी, वन, स्वास्थ्य एवं जिला स्तरीय अधिकरियों की अलग-अलग टास्कफोर्स टीमों का गठन किया गया और टास्कफोर्स टीमों को घटना स्थलों पर रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया। कुछ ही समय पश्चात सभी रेस्क्यू टीमें घटना स्थलों पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा करने के बाद सभी टीमें अपने अपने स्टेजिंग एरिया पहुंची। रेस्क्यू टीमों को चारधाम यात्रा के दौरान कम से कम रिसपांस टाइम में घटना स्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू कार्य शुरू करने और चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी आपदा से निपटने के लिए अलर्ट मूड पर रहने को कहा गया। टीमों को रेस्क्यू पर जाने से पहले आवश्यक सुरक्षा उपकरणों को अपने साथ रखने, सूचनाओं का सही ढंग से आदान-प्रदान करने को कहा गया। ताकि भविष्य में वास्तविक आपदा के दौरान रेस्क्यू ऑपरेशन को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके। अपर जिलाधिकारी डा.अभिषेक त्रिपाठी, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक सैनी, जिला आपदा प्रबधंन अधिकारी एनके जोशी सहित इंसीडेंट रेस्पांस सिस्टम से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### चारधाम यात्रा

■ जिला मुख्यालय गोपेश्वर सहित गौचर, चमोली व तपोवन में आपदा की विभिन्न घटनाओं को लेकर मॉक अभ्यास किया

# विद्युत सब स्टेशनों की संख्या पर्याप्त नहीं

## बिजली दर बढ़ाने की तैयारी, नियामक आयोग में उपभोक्ता परिषद करेगा विरोध



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**इस वर्ष** विद्युत उपभोक्ताओं का भार सात करोड़ 47 लाख किलो वाट के करीब होने का अनुमान है। वहीं 132 केवी सब स्टेशनों की क्षमता मात्र पांच करोड़ 21 लाख किलो वाट ही है। ऐसे में जब सिस्टम अपग्रेड होगा, तभी सभी ढंग से बिजली सप्लाई की जा सकती है। उपभोक्ता परिषद ने मांग की है कि बिजली दरों में बढ़ोत्तरी की चल रही मांग से पूर्व बिजली कंपनियों को अपना सिस्टम अपग्रेड करना चाहिए, जिससे उपभोक्ताओं को बिजली ठीक से मिल सके। विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा है कि यह मुद्दा वह नियामक आयोग में भी तर्क संगत ढंग से उठायेगा। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने गुरुवार को कहा कि सिस्टम उच्च गुणवत्ता की बिजली देने में सक्षम नहीं है। ऐसे में बिजली दरों में बढ़ोत्तरी की बात करना प्रदेश की जनता के साथ धोखा है।

अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि वर्तमान में वर्ष 2023-24 में लगभग तीन करोड़ 52 लाख 98 हजार 672 विद्युत उपभोक्ताओं के लिए जो बिजली दर बढोतरी प्रस्तावित की गई है। यदि उनका श्रेणी वार कुल भार निकाला जाए तो प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का कुल संयोजित भार लगभग सात करोड़ 47 लाख 59 हजार 332 है। वहीं दूसरी ओर पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन के 132 केवी सब स्टेशनों की कुल मार्च 2022 तक लगभग 57906 एमबीए था।

### विरोध शुरू

■ बिजली दरों में बढ़ोत्तरी की चल रही मांग से पूर्व बिजली कंपनियों को अपना सिस्टम अपग्रेड करना चाहिए




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्री केदारनाथ धाम के सेवादार सदस्यों के दल के वाहनों का फ्लैग ऑफ किया।

## सड़क पर नमाज न पढ़ने देने की मांग

**कानपुर:** बजरंग दल के कार्यकताओं ने शहर की सड़कों पर होने वाली नमाज को रोके जाने की मांग को लेकर गुरुवार को पुलिस आयुक्त कानपुर को एक मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र के साथ ही चेतावनी भी दी है कि शहर में जहां-जहां सड़क पर नमाज होगी, वहां-वहां बजरंग दल के कार्यकर्ता हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। कानपुर प्रान्त के बजरंग दल प्रान्त अखाड़ा प्रमुख नवीन सिंह ने आज मीडिया को बयान देते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आदेश जारी किया है कि किसी जनपद में सड़क जाम करके नमाज न अदा की जाय।

# गुरदासपुर में घुसा पाकिस्तानी ड्रोन

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

पाकिस्तानी तस्कर भारत में अपने नापाक इरादों को अंजाम देने के लिए लगातार कोशिशों में जुटे हुए हैं। बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्रि को भी भारतीय सरहद में पाकिस्तानी ड्रोन घुस आया, लेकिन पंजाब सरहद पर पहरा दे रहे सीमा सुरक्षा बल के सतर्क जवानों ने फायरिंग कर इसे खदेड़ने में कामयाबी हासिल की। पाकिस्तानी ड्रोन पंजाब के गुरदासपुर में आदियां बीएसएफ पर दिखाई दिया। घटना रात 2.15 बजे के करीब हुई।



बीएसएफ के जवान पहरा दे रहे थे, तभी ड्रोन की आवाज सुनाई दी। सतर्क जवानों ने ड्रोन की आवाज की तरफ फायरिंग शुरू कर दी। तकरीबन 5 मिनट में ड्रोन भारतीय सीमा में रहा। बीएसएफ जवानों ने फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान रोशनी बम भी दागा गया, ताकि सही लोकेशन का पता चल सके।


बेर से "मिठास"

कम लागत में ज्यादा कमाई, पारंपरिक खेती से निराश हो शुरू किया किसानी में नया प्रयोग

# किसानों के बीच रोल मॉडल हैं रामसागर

**टीम एक्शन इंडिया/रायबरेली**

**खेती-किसानी** को घाटे का धंधा मानने वालों के लिए यह गौर करने वाली बात है कि उन्हीं के बीच का एक किसान आज न केवल आत्मनिर्भर हुआ है बल्कि खेती की बदौलत कइयों को रोजगार भी दे रहा है और किसानों के रोल मॉडल बन गया है। मन में यदि दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो लक्ष्य आसानी से मिल सकता है,बिना किसी सरकारी सहायता के यह काम किया है। रायबरेली के किसान रामसागर पांडे ने। महराजगंज के पुरासी गांव के रहने वाले रामसागर ने कश्मीरी बेर की खेती शुरू की और अब उनकी किस्मत बदल रही है। कभी



किसानी में हो रहे घाटे से परेशान थे और अब लाखों कमा रहे हैं। रामसागर पांडे ने पारंपरिक खेती से हटकर बागवानी को चुना और इसे ही अपना व्यवसाय बना लिया। इसके लिए उन्होंने कश्मीरी बेर की बागवानी का फैसला लिया। उन्होंने इसके पौधे बंगाल से मंगा कर पहले डेढ़ हेक्टेयर जमीन पर लगवाए और बाग तैयार किया। आज इस बागान से वह लाखों रुपए कमा रहे हैं। दरअसल धान गेहूं की खेती करके मुनाफा कमाने का उन्होंने प्रयास किया पर हर बार निराशा हाथ लगी। इस दौरान उन्होंने यूट्यूब चैनल पर बेर की खेती का वीडियो देखा और कृषि विभाग के सहयोग से यह बाग तैयार कर डाला और अब वह लाखों रुपये की आमदनी कर रहे हैं, बागवानी को ही उन्होंने अपना कैरियर बना लिया है। राम सागर पांडेय ने बेर की बागवानी के लिए दो प्रकार की प्रजातियों का चयन किया। उन्होंने थाई व कश्मीरी एप्पल के एक हजार पौधे लाकर डेढ़ हेक्टेयर में लगाए। थाई एप्पल बेर हरा और कश्मीरी एप्पल सेब के कलर का होता है। एक बेर का वजन 50 ग्राम से 200 ग्राम तक हो सकता है, पहले साल में 20-25 किलो उत्पादन प्रति पौधे के हिसाब से प्राप्त हुआ था।

